

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार, 07 सितम्बर 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-161 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 08 सितम्बर 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## देव हस्त : उम्मीदों का नया स्पर्श

दृष्टिकोण

संजय दुबे



छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाएँ इन दिनों एक नए मोड़ पर खड़ी हैं। रायपुर एम्स में 'देव हस्त' नामक रोबोटिक सर्जरी सिस्टम की शुरुआत ने यह संकेत दिया है कि प्रदेश अब उन तकनीकों तक पहुँच चुका है जिन्हें कभी सिर्फ बड़े महानगरों की धरोहर माना जाता था। यह उपलब्धि केवल मशीन लगाने भर की घटना नहीं है, बल्कि यह राज्य के स्वास्थ्य तंत्र की दिशा और गति दोनों को बदलने वाला कदम है।

रोबोटिक सर्जरी का लाभ यह है कि ऑपरेशन अधिक सटीक होते हैं, मरीज कम दर्द सहते हैं और जल्दी स्वस्थ होते हैं। अब सवाल यह है कि यह सुविधा कितनी व्यापक होगी और आम नागरिक तक कितनी पहुँच पाएगी। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहाँ ग्रामीण अंचलों के स्वास्थ्य केंद्र अब भी संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, वहाँ आधुनिक तकनीक को आमजन की ज़िंदगी से जोड़ना ही असली चुनौती होगी।

फिर भी, यह इनकार नहीं किया जा सकता कि बीते दो दशकों में राज्य ने लंबी दूरी तय की है। 2000 में जहाँ केवल एक मेडिकल कॉलेज था, आज पंद्रह कॉलेज संचालित हैं। पाँच नए कॉलेजों की स्वीकृति और नवा रायपुर में 5,000 बिस्तरों की मेडिसिटी भविष्य की उस तस्वीर को सामने रखती है जिसमें छत्तीसगढ़ सिर्फ खनिज या कृषि नहीं, बल्कि चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का भी केंद्र होगा। यह यात्रा अपने आप में उल्लेखनीय है।

मुख्यमंत्री द्वारा एम्स परिसर में मरीजों के परिजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त निवास बनाने की घोषणा इस सोच को रेखांकित करती है कि स्वास्थ्य सेवाएँ केवल मशीनों और दवाइयों तक सीमित नहीं होतीं। इलाज का बोझ जितना मरीज पर होता है, उतना ही परिजनों पर भी पड़ता है। ऐसे में उनके ठहरने की सुविधा का ध्यान रखना वास्तव में जनसेवा की संवेदनशील परंपरा को आगे बढ़ाना है। यह पहल बताती है कि सरकार तकनीकी प्रगति के साथ-साथ मानवीय जरूरतों को भी बराबरी से महत्व दे रही है।

बीमारियों का दायरा बढ़ रहा है, पर राहत यह है कि आयुष्मान भारत और वय वंदन जैसी योजनाएँ गरीब और बुजुर्ग मरीजों को सुरक्षा दे रही हैं। इनके सहारे महँगे इलाज भी अब आम परिवारों की पहुँच में हैं। 'देव हस्त' जैसी आधुनिक तकनीक इन योजनाओं को और असरदार बनाएगी तथा प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे ले जाएगी।

'देव हस्त' उम्मीद का प्रतीक है। यह बताता है कि छत्तीसगढ़ आधुनिकता की दौड़ में पीछे नहीं है। मगर साथ ही यह भी याद रखना होगा कि स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा गाँवों और कस्बों में होती है, जहाँ मरीज समय पर दवा और डॉक्टर की उम्मीद करता है। आधुनिक तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता यदि साथ चलें, तो ही यह अध्याय वास्तव में सफल कहलाएगा।

## यूक्रेन पर रूस की बड़ी एयरस्ट्राइक, कीव पर दागे 800 से ज्यादा ड्रोन

■ पहली बार कैबिनेट बिल्डिंग पर हमला

**नई दिल्ली, 7 सितंबर।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ताजा हमला किया है, जिसके बाद पेचेर्स्की ज़िले में कैबिनट बिल्डिंग में आग लग गई. यूक्रेनी सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने रविवार को सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चश्मदीदों ने यूक्रेनी सरकार की मुख्य इमारत से घना धुआं उठते देखा. यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूस ने कीव पर रात भर हमले किए हैं, जिसमें एक नवजात समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हुए हैं. राजधानी में सरकारी मुख्यालय समेत कई इमारतों को आग के हवाले कर दिया गया. कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की शुरुआत शहर पर ड्रोन हमलों से हुई और उसके बाद मिसाइल अटैक किए गए.



### रिहायशी इलाकों को नुकसान

राज्य के आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि डार्नित्स्की में एक आवासीय इमारत की चार में से दो मंज़िलें आग की चपेट में आ गईं, जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है. क्लिट्स्को और आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि कीव के पश्चिमी स्वियातोशिन्स्की ज़िले में एक नौ मंज़िला रेजिडेंशियल बिल्डिंग की कई मंज़िलें तबाह हो गईं.

### रूसी पाइप लाइन पर जवाबी हमला

हमले के जवाब में यूक्रेन ने भी रूस की ऑयल पाइपलाइन को निशाना बनाया है. यूक्रेन की ड्रोन फोर्स के कमांडर रॉबर्ट ब्रोवडी ने कहा रूस के ब्रायंस्क एरिया में द्रुजबा ऑयल पाइपलाइन पर हमला किया गया है, जिसमें भारी नुकसान हुआ है. द्रुजबा पाइपलाइन पर अटैक से हंगरी और स्लोवाकिया को मिलने वाली रूसी तेल की सप्लाई पर प्रभावित हुई है, जो 2022 के हमले के बाद अन्य यूरोपीय देशों की तरफसे रिश्ते खत्म करने के बाद भी रूस से अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी कर रहे हैं.

## गुजरात के पावागढ़ मंदिर के पास हुआ दर्दनाक हादसा

# 800 मीटर ऊंचे रोपवे का टूटा तार, 6 की मौत

■ अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण रोपवे को सुबह से ही आम जनता के लिए बंद कर दिया गया था

**नई दिल्ली, 7 सितम्बर।** गुजरात के पावागढ़ मंदिर में शनिवार को दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। मंदिर के नवीनीकरण कार्य के लिए निर्माण सामग्री ले जा रही एक रोपवे ट्रॉली बीच हवा में टूटकर गिर गई, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब रोपवे ट्रॉली का इस्तेमाल मंदिर के अन्नक्षेत्र (सामुदायिक रसोई) के लिए निर्माण सामग्री और रसोई का सामान ले जाने के लिए किया जा रहा था। ट्रॉली को सहारा देने वाला केबल अचानक टूट गया और ट्रॉली पहाड़ी से नीचे जा गिरी।



### मंदिर 800 मीटर ऊंचाई पर मौजूद

हालांकि, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि केबल कार कितनी ऊंचाई से गिरी. बता दें कि पावागढ़ पहाड़ी पर महाकालिका मंदिर लगभग 800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है.

### रोपवे आम जनता के लिए बंद था

श्रद्धालु मंदिर पहुंचने के लिए या तो लगभग 2,000 सीढ़ियां चढ़ते हैं या फिर केबल कार का इस्तेमाल करते हैं. हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण रोपवे को सुबह से ही बंद कर दिया गया था.

### ऐसे हुआ हादसा

एसपी हरेश दुधात ने हादसे में छह मौतों की पुष्टि की. उन्होंने कहा, पुलिस और अग्निशमन दल राहत एवं बचाव कार्यों के लिए मौके पर मौजूद हैं.वहीं डीएम अजय दहिया ने बताया कि, विभिन्न वस्तुओं को ले जाने के लिए बनाया गया रोपवे छह लोगों को लेकर नीचे की ओर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया. मृतकों में दो लिफ्ट ऑपरेटर, दो मजदूर और दो अन्य लोग शामिल हैं. तार टूटने से केबल कार उस आधार बिंदु के पास गिरी, जहां रोपवे का पहला टावर स्थित है.

## जापान के प्रधानमंत्री इशिबा देंगे इस्तीफा



**टोक्यो, 7 सितम्बर।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने इस्तीफा देने का फैसला किया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया NHK ये खबर दी है।

इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे।

चुनावी हार के बाद के LDP भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी।

अब उनके हटने के बाद LDP में नई लीडरशिप की दौड़ शुरू हो सकती है। इशिबा की पार्टी ऊपरी सदन में बुरी तरह हारी थी। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से LDP को 39 सीटें मिली थी। यह हार PM इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता थी। इससे पहले अक्टूबर में निचले सदन का चुनाव हारने के बाद अब यह गठबंधन दोनों सदनों में अल्पमत में चला गया था। LDP की स्थापना 1955 में हुई थी, और यह पहला मौका है जब उसने दोनों सदनों में बहुमत खो दिया है।

## बस्तर बाढ़: मध्यप्रदेश ने बढ़ाया मदद का हाथ

■ 5 करोड़ की राशि और राहत सामग्री भेजी, सीएम विष्णुदेव साय ने जताया आभार, कहा- संकट की घड़ी में मिला संबल

**रायपुर, 7 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में आई भीषण बाढ़ से जन-धन की भारी क्षति हुई है। इस कठिन परिस्थिति में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश सरकार मदद के लिए आगे आई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पड़ोसी राज्य होने के नाते हरसंभव सहयोग करना हमारा दायित्व है।

मध्यप्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए 5 करोड़ की राशि और आवश्यक राहत सामग्री भेजी है। राहत सामग्री को ट्रेन के जरिए भेजी जा गई है जो बस्तर के लोगों में वितरित किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश के सीएम बोले- हरसंभव मदद करेंगे

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि दंतेवाड़ा और आसपास के इलाकों में बाढ़ से भारी तबाही हुई है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि छत्तीसगढ़ के नागरिकों की सहायता करें। उन्होंने कहा हमारी कोशिश है कि आपदा की इस घड़ी में त्वरित राहत पहुंचाकर लोगों को संबल दें। भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो और भी मदद करेंगे। मध्यप्रदेश सदैव छत्तीसगढ़ के साथ खड़ा रहेगा।यादव ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी राज्य सरकारें समन्वय और सहानुभूति के साथ काम करें यही समय की मांग है।



### मुख्यमंत्री साय ने जताया आभार

राहत सामग्री और आर्थिक सहायता को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मध्यप्रदेश सरकार और सीएम मोहन यादव का आभार जताया। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ न केवल पड़ोसी राज्य हैं बल्कि आत्मीय बंधन से जुड़े परिवार की तरह हैं। आपदा की घड़ी में यह सहयोग निश्चित ही हमारे प्रभावित जनों को संबल प्रदान करेगा।


## लाल सागर में कटी केबल इंटरनेट चलाने में परेशानी

### भारत समेत एशिया के कई देशों पर पड़ा असर

**नई दिल्ली, 7 सितम्बर।** लाल सागर के नीचे बिछाई गई सब्मरीन केबल अचानक कट गई हैं, जिसकी वजह से कई देशों में इंटरनेट स्पीड प्रभावित हुई है. नेटब्लॉक्स ने कहा कि रेड सी में अंडर सी केबल्स कटने की वजह से कुछ देशों में इंटरनेट कनेक्टिविटी पर असर पड़ा है. इसमें भारत, पाकिस्तान समेत एशिया के कई देश शामिल हैं. आइए इनके बारे में डिटेल्स में जानते हैं.

समंदर के नीचे इंटरनेट के लिए बिछाई गई केबल कट गई है, जिसकी वजह से भारत समेत एशियाई के कई देशों में इंटरनेट प्रभावित हुआ है. यह केबल लाल सागर के नीचे मौजूद है. इसकी जानकारी नेटब्लॉक्स ने भी दी है.

पीटीआई ने एक्स पर पोस्ट करके बताया है कि लाल सागर में कट जाने की वजह से कई क्षेत्रों में रविवार को इंटरनेट स्पीड प्रभावित हुई. इसमें भारत समेत एशिया का क्षेत्र शामिल है. अभी यह नहीं बताया गया है कि किस वजह से केबल कटी हैं. पोस्ट में आगे लिखा है, चिंता जताई जा रही है कि यमन के हूती विद्रोही इन केबल को निशाना बना रहे हैं. इसे इजरायल पर दबाव बनाने की कोशिश बताई है ताकि वे गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध को खत्म करें. बताते चलें कि हूती विद्रोहियों पहले भी केबल्स पर हमला करने से इनकार कर चुके हैं.



### माइक्रोसॉफ्ट ने भी दी जानकारी

रिपोर्टस के मुताबिक, माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, मिडिल ईस्ट में लाल सागर के अंदर अंडर सी केबल कटने की वजह से लेटेंसी में इजाफा हो सकता है, जिसका मतलब है कि इंटरनेट स्पीड कम हो सकती है. कंपनी ने ये भी कहा कि जो केबल मिडिल ईस्ट से नहीं गुजर रही हैं, उनपर कोई असर नहीं पड़ा है.

### बाढ़ से जूझ रहे पंजाब जाएंगे पीएम मोदी

**चंडीगढ़, 7 सितंबर।** पंजाब इन दिनों भीषण बाढ़ की चपेट में है। राज्य के 23 जिलों के करीब 1,996 गांव पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। अब तक 46 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1.75 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इस आपदा के बीच पीएम मोदी 9 सितंबर को गुरदासपुर जिले का दौरा करेंगे और स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ प्रभावित लोगों और किसानों से बातचीत करेंगे। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण रावी, सतलुज और व्यास नदियों में उफान आया है, जिससे पंजाब के कई इलाकों में बाढ़ जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए सांसदों की डिनर पार्टी रद्द, पीएम आवास पर होना था कार्यक्रम

**नई दिल्ली, 7 सितम्बर।** 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले पीएम मोदी के आधिकारिक आवास पर एनडीए सांसदों के लिए डिनर का आयोजन किया गया था। हालांकि, अब इस कार्यक्रम को रद कर दिया गया है। दरअसल, डिनर पार्टी का आयोजन चुनाव से एक दिन पहले यानी 8 सितंबर को किया जाना था। माना जा रहा था कि ये डिनर पार्टी एक तरीके से उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए नेताओं के बैठक के तौर पर थी। लेकिन अब इसे रद कर दिया गया है और इसके पीछे की वजह भी सामने आई है।

चूंकि उत्तर भारत के कई राज्य इस समय भीषण बाढ़ की चपेट में हैं। इसी को देखते हुए इस डिनर पार्टी को कैंसिल कर दिया है। बता दें कि पंजाब इस समय बाढ़ से सबसे बुरी तरीके से प्रभावित है। आपदा की इन स्थितियों को देखते हुए डिनर पार्टी को रद कर दिया गया है।

### राष्ट्रपति मुर्मु ने जताई चिंता

गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को लगातार बारिश, बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने लिखा कि इस साल मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के बारे में जानने के बाद, मुझे हर बार गहरा दुख हुआ है।

## भुखमरी के बीच इजरायल का गाजा सिटी खाली करने का फरमान

**गाजा, 7 सितम्बर।** इजरायल की सेना ने भुखमरी की कगार पर पहले ही पहुंच चुके गाजा शहर के फ्लस्तीनियों को गाजा सिटी खाली करने का आदेश दिया है। इसी बीच इजरायल ने गाजा सिटी की ऊंची इमारतों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक इजरायल ने कई बहुमंजिला इमारतों को निशाना बनाया है। सहायता समूहों ने चेतावनी दी है कि गाजा शहर से बड़े पैमाने पर लोगों को निकालने से मानवीय संकट की स्थिति और विकराल हो सकती है। खाद्य संकट के मद्देनजर दुनिया के अग्रणी संगठन ने शहर को अकालग्रस्त घोषित कर दिया है। अधिकांश परिवार लगभग दो वर्ष से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण कई बार विस्थापित हो चुके हैं और उनका कहना है कि उनके पास जाने के लिए कोई स्थान नहीं बचा है, क्योंकि इजराइली सेना ने बार-बार उन शिविरों पर बमबारी की है, जिन्हें उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। इजराइली सैन्य प्रवक्ता अविचेय अद्रेई ने शनिवार को फ्लस्तीनियों से गाजा पट्टी के दक्षिण की ओर जाने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि सेना ने मुवासी के अस्थायी शिविर और दक्षिणी शहर खान यूनिस के कुछ हिस्सों को मानवीय क्षेत्र घोषित किया है।



वर्कशॉप | संसद परिसर में भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू

## आखिरी कतार में बैठे दिखे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली, 7 सितम्बर।** उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से ठीक पहले बीजेपी की दो दिवसीय वर्कशॉप रविवार को संसद परिसर में शुरू हुई. इस वर्कशॉप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीएसटी सुधारों के लिए सांसदों की ओर से सम्मानित किया जा सकता है. लेकिन वर्कशॉप के पहले दिन संसद परिसर से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है. पीएम मोदी ने पहले दिन वर्कशॉप में हिस्सा लेने पहुंचे, लेकिन वह आगे की कतारों की बजाय हॉल में सबसे पीछे की कतार में आम कार्यकर्ता की तरह बैठे दिख रहे हैं. बीजेपी की राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत ने एक्स पर किए एक पोस्ट में वर्कशॉप की कुछ तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पीछे की कतार में बैठकर वर्कशॉप में हिस्सा ले रही हैं. लेकिन उनसे कुछ ही दूरी पर पीछे की कतार में अन्य सांसदों के साथ पीएम मोदी भी बैठे दिख रहे हैं. इस वर्कशॉप की योजना कई दिन पहले ही बना ली गई थी, इसमें पीएम मोदी के अलावा अमित शाह, जेपी नड्डा समेत तमाम केंद्रीय मंत्री और सांसद शामिल होंगे. अब तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कैसे पीएम मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पीछे बैठकर मंच से होने वाले संबोधन को ध्यान से सुन रहे हैं.

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी, जो कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हैं, के बीच सीधा मुकाबला है. संख्याबल के लिहाज से साफ तौर पर एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन की जीत तय मानी जा रही है. चुनाव के लिए 9 सितंबर को मतदान होना है. बीजेपी की वर्कशॉप में कई सेशन शामिल हैं, जिनमें पार्टी के इतिहास और विकास के साथ-साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के गुर भी शामिल हैं. इस वर्कशॉप में सांसदों के लिए चार सेशन होंगे।




### वर्कशॉप में सांसदों के लिए चार सेशन

सूत्रों ने बताया कि वर्कशॉप में बीजेपी सांसदों की बैठक में प्रधानमंत्री को नए जीएसटी स्लैब की घोषणा के लिए सांसदों की तरफसे सम्मानित किए जाने की संभावना है. सरकार का दावा है कि इससे लोगों पर टैक्स का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा. बीजेपी और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि कई वस्तुओं की कीमतों में गिरावट को लेकर लोगों में सकारात्मक भावना आएगी, जिससे उन्हें नवंबर में होने वाले बिहार चुनाव में बढ़त की उम्मीद है.

### क्षिप्रा नदी में गिरी पुलिस कर्मियों की कार, टीआई का शव मिला, 2 लापता

**उज्जैन, 7 सितम्बर।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में शनिवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। उज्जैन से बड़नगर की ओर जा रही सफेद रंग की एक क्रेटा कार अनियंत्रित होकर बिना रेलिंग के पुल से नदी में जा गिरी। बताया जा रहा है कि कार में तीन लोग सवार थे। रविवार सुबह 6 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान नदी से एक पुलिसकर्मी का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान उनेल थाने के टीआई अशोक शर्मा के रूप में हुई है। वहीं, दो लापता पुलिसकर्मियों की तलाश अब भी जारी है। उज्जैन शहर में क्षिप्रा नदी के बड़े पुल पर शनिवार शाम को दर्दनाक दुर्घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। उनेल थाने में तैनात तीन पुलिसकर्मी मांगीलाल निनामा, आरती पाल और टीआई अशोक शर्मा एक क्रेटा कार में सवार होकर जा रहे थे।

## सीएम साय ने एम्स रायपुर में भर्ती विशंभर यादव का जाना कुशलक्षेम

### इलाज के लिए 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता



**रायपुर 7 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के टाटीबंध स्थित एम्स रायपुर में भर्ती सुरजपुर जिले के विशंभर यादव से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री साय ने चिकित्सकों से विशंभर यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतर इलाज के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने एम्स रायपुर में नीलू गुप्ता का भी हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री श्री साय को श्री नीलू गुप्ता ने बताया कि वे और श्री विशंभर यादव एक साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे। मुख्यमंत्री साय ने विशंभर यादव व नीलू गुप्ता को इलाज के लिए 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने विशंभर यादव की धर्मपत्नी उषा यादव से भी बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि इलाज के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी।

## एक नजर

### सूने मकान से चोरी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 7 सितंबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के सूने मकान से डेढ़ लाख रुपए की चोरी करने वाले एक आरोपी को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैआरोपी के कब्जे से चोरी के एक सोने की चेन, 8 नग चांदी के सिक्के, 3 जोड़ी चांदी की बिछिया एवं 1 हजार रुपए नगद और चोरी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि दिनेश बैंजामिन ने रिपोर्ट दर्ज कराया है उसके पड़ोस के जयदीप सिंह सड़क न 1 जैन मंदिर रोड प्रगति नगर रिसाली जो पिछले एक सप्ताह से अपने घर में ताला लगाकर केरल गए थे। उसके घर से 60 हजार रुपए नगद, 02 तोला सोने का चेन, एक वन प्लस कंपनी का मोबाइल अज्ञात व्यक्ति घर के पीछे तरफ किचन की कुंडी तोड़कर घर अंदर प्रवेश कर चोरी कर ले गया है। विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की। संदेही ने अपना नाम तेजेश्वर जांगड़े उर्फ चिंटू निवासी धनोरा बताया एवं अपने साथी ठमेश्वर साहू उर्फ रवि के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। प्रकरण के अन्य आरोपी ठमेश्वर साहू उर्फ रवि फरार है उसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### गांजा बेचते युवक पकड़ाया



**भिलाई, 7 सितंबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के अवैध रुप से गांजा बेचते हुए एक युवक को खुर्सीपार पुलिस ने पकड़ा आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ (गांजा) 03 किलो 706 ग्राम बरामद किया है जब्त गांजे की कीमत 20 हजार रुपए आंकी है खुर्सीपार थाने पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है खुर्सीपार टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि थाना खुर्सीपार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि देवार बस्ती मछली मार्केट खुर्सीपार में एक युवक अवैध मादक पदार्थ गांजा को रखकर बिक्री कर रहा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर संदेही को पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम अनिकेत देवार निवासी मछली मार्केट खुर्सीपार का निवासी बताया उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा वजनी 03.706 किलोग्राम जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

### अपर कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन

**दुर्ग, 7 सितम्बर ।** कलेक्टर ने जिले में पदस्थ अपर कलेक्टरों श्री अभिषेक अग्रवाल, श्रीमती योगिता देवांगन एवं श्री वीरेन्द्र सिंग के मध्य कार्य विभाजन किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार अपर कलेक्टर श्री अभिषेक अग्रवाल को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला दुर्ग के न्यायालयीन कार्य, रोस्टर के अनुसार तहसील, अनुविभाग कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय, जनपद कार्यालय का निरीक्षण। समयावधि में पेश शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण, शस्त्र अनुज्ञप्ति स्वीकृति एवं नवीनीकरण आदेश के पश्चात लाइसेंस बुक तथा लाइसेंस पंजी के प्रविष्टियों पर हस्ताक्षर एवं सत्यापन। अस्थायी फटाका लाईसेंसों का नवीनीकरण, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, नोडल अधिकारी धान उपार्जन, धान संग्रहण, नोडल अधिकारी कस्टम मिलिंग, नोडल अधिकारी एग्रीस्ट्रेक परियोजना, नोडल अधिकारी डिजिटल कॉप सर्वे, नोडल अधिकारी वेटलैंड सर्वे, नोडल अधिकारी वन भूमि सत्यापन, नोडल अधिकारी पी.डी.एस, पासपोर्ट शाखा, कलेक्टर महोदय द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य शामिल है।

अपर कलेक्टर श्री अभिषेक अग्रवाल के माध्यम से विभिन्न शाखाओं की नस्तियां कलेक्टर को प्रस्तुत की जाएगी, जिनमें सहायक अधीक्षक, सामान्य शाखा/सांख्यिकी लिपिक (एसडब्ल्यू), सिविल सूट-व्यवहारवाद शाखा, सहायक अधीक्षक राजस्व, राजस्व मोहरिर शाखा, प्रोटोकॉल शाखा, भू-अभिलेख शाखा, डायवर्सन शाखा, लायसेंस शाखा, जनगणना शाखा, काउंटर शाखा, नोडल अधिकारी मानवाधिकार आयोग के प्रकरण, नागरिकता प्रमाण पत्र शाखा, नोडल अधिकारी व्यापम एंव परीक्षा प्रभारी, परीक्षा शाखा शामिल है।

स्थानीय लोगों का आरोप शराब दुकान वाले सफाई की ओर ध्यान नहीं देते

# ट्रांसपोर्ट नगर में शराब दुकान के कचरे से बढ़ी गंदगी व बदबू

भिलाई, 7 सितम्बर। ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज क्षेत्र में स्थित शराब दुकान अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। दुकान परिसर और आसपास का इलाका गंदगी, अव्यवस्था और असुरक्षा की जकड़ में आ चुका है। यहां की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वच्छता और अनुशासन का कोई नामोनिशान ही नहीं है। यहाँ गंदगी का अंबार लगा है जिससे आसपास का वातावरण प्रदूषित होता जा रहा है। भयंकर बदबू से लोगों ने दम घुटने की शिकायत की है। दुकान से रोजाना निकलने वाली खाली शराब की बोतलें, प्लास्टिक गिलास, डिस्पोजेबल प्लेट और अन्य कचरा सीधे सड़क किनारे फेंक दिया जाता है। नतीजतन, पूरे इलाके में गंदगी का अंबार लग चुका है। तेज़ बदबू, गंदे पानी का जमाव और कचरे का ढेर राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बन गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी और गीले कचरे के कारण मच्छर और मक्खियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इससे डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। गंदगी के साथ-साथ शराब दुकान के बाहर शाम ढलते ही भीड़भाड़ और अराजकता का माहौल बनने लगता है। नशे में धुत लोग यहां-वहां हंगामा करते रहते हैं। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि इस कारण वे शाम के बाद घर से निकलने में भी असुरक्षित महसूस करती हैं। कई बार झगड़े और विवाद भी हो चुके हैं, जिनसे क्षेत्र का वातावरण तनावपूर्ण बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने कई बार नगर निगम और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकान संचालक अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह बचते हैं और आसपास की सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं देते। क्षेत्र के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शराब दुकान संचालक को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वे नियमित रूप से सफाई करवाएं। साथ ही नगर निगम को भी नियमित रूप से कचरा उठाने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिम्मेदार बनाया जाए। स्थानीय ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपी अरोरा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि गली और सड़क पर हर जगह बोतलें और गिलास बिखरे रहते हैं। बाहर निकलने में परेशानी होती है। आसपास का माहौल पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है। एक तरह से देखा जाय तो लोगों का जीना दूभर हो गया है। कितनी ही शिकायतें हुईं लेकिन सुनवाई कहीं नहीं हो रही।



> शराब की दुकान के बाहर लगातार गंदगी, शोर-शराबा और असामाजिक गतिविधियां फैल रहती हैं। दुकान के आस-पास खाली बोतलें, डिस्पोजल प्लास्टिक के गिलास, झिल्ली-पन्नी और कचरा फैला रहता है, जिससे वातावरण अस्वच्छ और अस्वस्थ हो गया है। स्थानीय लोगों यहाँ से गुजरना मुश्किल हो गया है। हम लोगों ने पहले भी अनेकों बार प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों का इस ध्यान आकृष्ट किया लेकिन अभी तक पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया गया। लोग चाहते हैं कि शराब की दुकान के बाहर सफाई की उचित व्यवस्था हो, शराब पीकर हंगामा करने वालों पर कार्यवाही की जाए और यदि संभव हो तो दुकान को घनी आबादी वाले क्षेत्र से हटाया जाए।
>
> **राजपाल अरोरा वरिष्ठ ट्रांसपोर्टर**



## अनंत चतुर्दशी पर जैन समाज ने किया शांतिधारा और प्रतिक्रमण



**भिलाई, 7 सितंबर।** जैन समाज ने दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी और 12वें तीर्थंकर भगवान वासूपूज्य के मोक्ष कल्याणक पर्व को श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया। नेहरू नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शांतिधारा, महामस्तकाभिषेक और निर्वाण लाडू समर्पण का आयोजन हुआ, जिसमें कई परिवारों और युवाओं को सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूजन अवसर पर डॉ. उज्ज्वल पाटनी ने कहा कि नकारात्मक विचार जल्दी ही सकारात्मकता को नष्ट कर देते हैं, इसलिए आनंदपूर्वक मिलना और सरल भाषा का प्रयोग करना चाहिए। आर्यिका अक्षयमती जी ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की व्याख्या करते हुए आत्मसंयम और आत्मिक विकास पर जोर दिया। रात्रि में समाजजनों ने वार्षिक प्रतिक्रमण कर वर्षभर के पापों की क्षमा मांगी।

## कलेक्टर ने किया पौधरोपण और विकास कार्यों का निरीक्षण

भिलाई, 7 सितंबर। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे तारामंडल बाल उद्यान में वूमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत पौधारोपण किया। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल और आयुक्त राजीव कुमार पांडेय भी उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं पौधे रोपे। कलेक्टर ने योजना की प्रगति और नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वूमेन फॉर ट्री के तहत नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अब तक 8,000 से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं। 40 उद्यानों और स्थलों में कुल 12,500 पौधों के रोपण की स्वीकृति है। इस योजना में महिला स्वयं सहायता समूह की भागीदारी से पौधरोपण और संरक्षण कार्यों के साथ बेरोजगार महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने तत्पश्चात नेहरू नगर पूर्व स्थित तारामंडल (प्लेनेटोरियम) का निरीक्षण किया और इसके संचालन, शैक्षणिक भ्रमणों और आम नागरिकों के लिए प्रचार-प्रसार पर चर्चा की। उन्होंने समीपस्थ अटल परिसर, खुर्सीपार आईटीआई गारमेंट फैक्ट्री, एसएलआरएम सेंटर और निर्माणाधीन मंगल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद निर्माण और कचरा पृथक्करण की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने ग्राम सेमरिया में निगम स्वामित्व वाली भूमि का निरीक्षण किया और सीमांकन हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। भिलाई शहर को ग्रीन सिटी और क्लीन सिटी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से वूमेन फॉर ट्री योजना और अन्य निर्माण व विकास कार्य तेजी से जारी हैं। अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि इन प्रयासों से शहर की तस्वीर बहुत जल्द एक नए और हरित रूप में देखने को मिलेगी।



# भिलाई के हर्ष गोहिया बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट



**भिलाई, 7 सितंबर।** भिलाई के होनहार युवा हर्ष गोहिया ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) 2 परीक्षा 2023 में ऑल इंडिया रैंक 187 हासिल कर चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में प्रवेश लिया। कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 6 सितंबर 2025 को उन्हें औपचारिक रूप से सेना में कमीशन मिला। यह गौरवशाली क्षण दूरदर्शन पर सीधा प्रसारित हुआ। हर्ष गोहिया की यह उपलब्धि उनके परिवार, भिलाई बिरादरी के लिए गर्व का क्षण है। उनके पिता सत्य कुमार गोहिया, माता श्रीमती मिथिलेश गोहिया और बहन दीक्षा गोहिया हमेशा उनके संबल रहे। हर्ष की शिक्षा बीएसपी स्कूल, सेक्टर-2 और बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल-10 से हुई, जिन्होंने उनके अनुशासन और प्रतिबद्धता की मजबूत नींव रखी।

### विद्योत्तमा साहित्य भूषण सम्मान की घोषणा



**भिलाई, 7 सितंबर।** कवि व साहित्यकार स्व. ओमप्रकाश शर्मा की स्मृति में विद्योत्तमा साहित्य भूषण सम्मान प्रदान किया जाएगा। मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल ने बताया कि यह सम्मान साहित्य की किसी भी विधा में उत्कृष्ट पुस्तक लेखन करने वाले रचनाकार को दिया जाएगा। स्व. शर्मा गरीबों और शोषितों के लिए निशुल्क कानूनी सेवा देते थे तथा ग्रामीण परिवेश व सामाजिक विषमताओं पर कविताएं और लेख लिखते रहे। वे अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदी परिषद, छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष रहे और हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे।

## गुरुजन ही हमारे भविष्य को देते हैं आकार:रिकेश



**भिलाई, 7 सितंबर।** शिक्षक हमारे भविष्य को आकार देते हैं और हमें नई ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षक दिवस पर हम सभी उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को नमन करते हैं। उक्त विचार वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कैंप क्षेत्र में आयोजित विभिन्न शिक्षक सम्मान समारोहों में व्यक्त किए। विधायक सेन ने कहा कि शिक्षक दिवस युवा पीढ़ी में ज्ञान, नैतिकता और नेतृत्व क्षमता के विकास में गुरुजनों के योगदान का स्मरणोत्सव है। यह शिक्षा के महत्व और आजीवन सीखने की प्रेरणा देने का दिवस है। वैशाली नगर विधानसभा के कैंप क्षेत्र की 47 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के लगभग 550 शिक्षकों का विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को मेडल एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए, जिन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह एवं विधायक रिकेश सेन के हस्ताक्षर अंकित हैं। आपको बता दें कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों और महाविद्यालयों में आयोजित समारोहों के माध्यम से लगभग दो हजार से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है।

### देशी कट्टा व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 7 सितंबर** भिलाई देशी कट्टा तथा दो नग जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने पकड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है छावनी सीएसपी हेमप्रकाश नायक ने बताया कि टाउन पेट्रोलिंग भ्रमण के दौरान सूत्रों से जानकारी मिली कि रेलवे इंजीनियरिंग पार्क के पास बिहार का एक युवक सफेद पीला काला रंग का हाफ टीशर्ट काला लोवर पहना हुआ जो अपने पास एक रिवाल्वर रखा है और उसे बेचने ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना नाम ऋषव राज शर्मा (21 साल) निवासी प्रोफेसर कालोनी जहानाबाद बिहार वर्तमान निवास विश्वकर्मा का मकान श्रमिक नगर थाना जामुल बताया। तलाशी लेने पर उसके पहने लोवर से एक देशी कट्टा तथा दो नग जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

## चाकू लेकर घूम रहे 4 युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 7 सितंबर।** दुर्ग पुलिस अनुविभाग विशेष टीम एवं थाना मोहन नगर की टीम ने चाकू एवं धारदार हथियार लेकर घुमने वाले चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया है। आरोपियों में अंकित यादव पिता किरण यादव निवासी कैलाश नगर, बबला ठाकुर पिता रघुवर ठाकुर निवासी कैलाश नगर, चित्रांश वर्मा पिता स्व कामता वर्मा निवासी कैलाश नगर दुर्ग और अमित सिंह राजपुत उत्तम सिंह राजपुत निवासी कैलाश नगर दुर्ग शामिल हैं।

दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देशन, पर जिले में गणेश पुजा का त्यौहार ईद मिलादुन्नबी के मद्देनगर सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सघन पेट्रोलिंग एवं सतत निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान क्षेत्र में कुछ लड़कों द्वारा चाकू एवं धारदार हथियार रखकर राहगीरों को परेशान करने की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संदेहियों को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर तलाशी लेने पर धारदार वस्तु एवं चाकू रखना पाया गया। संदेहियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य एवं अपराध का घटित करना पाये जाने से थाना मोहन नगर में आरोपियों के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के कब्जे से 04 नग चाकू जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही में टीम के सहायक उप निरीक्षक चंद्रशेखर सोनी, प्रधान आरक्षक मनीष अग्निहोत्री, आरक्षक गजेन्द्र यादव, आरक्षक रवि मरकाम, आरक्षक खिलेश कुर्रे तथा थाना मोहन नगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## गैस सिलेंडर सर पर पटककर कर दी हत्या

**भिलाई, 7 सितंबर।** भिलाई नशे में धुत्त दो युवको के बीच हुआ विवाद खून से सना खौफनाक मंजर बन गया। मामूली कहासुनी के बीच आरोपी युवक ने झोपड़ी में रखा गैस सिलेंडर उठाकर दूसरे युवक के सिर पर पटक दिया। तीन बार सिलेंडर उठाकर वार करने के बाद युवक मौके पर ही ढेर हो गया। घटना के बाद आरोपी काफी देर तक वहीं था, डर की वजह से छत पर चढ़ गया। जब पुलिस को देखा तो इधर-उधर भागने लगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया यह दिल दहला देने वाली वारदात रात दुर्ग कलेक्टरेट परिसर के पीछे हुई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान शंभू सागर और आरोपी भूपेन्द्र सागर के रूप में हुई है। दोनों ही नशे के आदी थे और आए दिन आपस में विवाद करते रहते थे। दरअसल भूपेंद्र घुमंतू किस्म का है, पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि भूपेन्द्र ने पहले से ही शंभू को लेकर आक्रोश मन में रखा था। घटना की रात भी दोनों चाउमिन वाली टपरी के पास मिले। दोनों के बीच बहस शुरू हुई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इसी बीच भूपेन्द्र ने गुस्से में आकर पास रखा गैस सिलेंडर उठाया और शंभू के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया। एक के बाद एक तीन वार झेलते ही शंभू की मौके पर मौत हो गई।



पुलिस ने घटनास्थल के आसपास ही आरोपी को पकड़ा घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी भिजवाया। उधर, आरोपी भूपेन्द्र वारदात के बाद फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कलेक्टरेट परिसर के पास ही उसे पकड़ लिया।

नशे की लत किस तरह से मौत में हो रही तब्दील मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है। रातों-रात हुई इस सनसनीखेज वारदात ने शहरवासियों को दहला दिया है। स्थानीय लोग हैरान हैं कि नशे की लत किस तरह मौत में बदल देती है पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### उर्वरक व्यवसाय में अनियमितता बरतने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त

**दुर्ग,7 सितम्बर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में खरीफ 2025 में जिले के कृषकों के मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा. उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का निरंतर सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में पीओएस स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतरए बगैर स्त्रोत प्रमाण पत्र के उर्वरक भण्डारणध्विक्रयए प्रतिष्ठान में मूल्य सूची प्रदर्शित न होनाएकेश मेमो जारी नहीं करनाए बिल बुक निर्धारित प्रारूप में न होना स्कंध पंजी संधारण अधूरा होने इत्यादि कारणों से 11 उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाये जाने पर स्थानीय उर्वरक निरीक्षकों द्वारा कुल 3277 बोरी उर्वरकों को जब्त कर संबंधित विक्रेताओं से कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब मांगा गया था।

संबंधित उर्वरक विक्रेताओं का जवाब समाधानकारक न होने के कारण कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 का उल्लंघन पाये जाने पर धारा 7 के तहत जब्तशुदा उर्वरकों को राजसात करने हेतु आदेशित किया गया है। राजसात किये गये उर्वरकों को स्थानीय किसानों को सूचित करते हुए निर्धारित दर पर विक्रय पश्चात् राशि शासन के खजाने में जमा करने हेतु कृषि विभाग को निर्देशित किया गया है।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने किया क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा की सतत पहल का परिणाम है कि आज कबीरधाम जिले में प्रदेश की 5वीं क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारंभ हुआ। यह प्रयोगशाला न केवल जिले के लिए बल्कि पूरे प्रदेश की अपराध जांच और न्यायिक प्रक्रिया को नई दिशा देने वाली साबित होगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा फॉरेंसिक विज्ञान आधुनिक अपराध जांच की रीढ़ है। हत्या, बलात्कार, लूट, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर मामलों में पारंपरिक तरीकों के बजाय वैज्ञानिक साक्ष्य ही न्याय दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। घटनास्थल पर छोड़ा गया डीएनए, खून का धब्बा, एक बाल का तंतु, जूतों के निशान, बारूद के कण या डिजिटल डिवाइस में छिपा डेटा - यही सबूत अपराधियों को पकड़वाते हैं और अदालत में उन्हें सजा दिलाने में सबसे अहम होते हैं। प्रयोगशाला में अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित वैज्ञानिक अधिकारियों की उपलब्धता से अब इन साक्ष्यों की जांच और भी तेजी और सटीकता से हो सकेगी। उन्होंने कहा अब तक छोटे जिलों से संबंधित प्रकरणों की जांच के लिए नमूनों को बड़े शहरों की प्रयोगशालाओं में भेजना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की बड़ी खपत होती थी। लेकिन कबीरधाम में प्रयोगशाला शुरू होने से न केवल जिले, बल्कि बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-मंडई और मुंगेली जिलों को भी सीधा लाभ मिलेगा। श्रीमती भावना बोहरा ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से सामाजिक न्याय को अधिक प्रभावी बनाने एवं अपराधों से संबंधित साक्ष्यों का वैज्ञानिक आधार पर परीक्षण कर दोषियों को त्वरित सजा दिलाने प्रतिबद्ध है।इस प्रयोगशाला की स्थापना से कबीरधाम जिले व आस-पास के जिलों में अपराधों के साक्ष्यों की त्वरित जांच की सुविधा मिलेगी साथ ही कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी और आम जनता में कानून के प्रति और विश्वास बढ़ेगा साथ ही न्यायिक प्रक्रिया न केवल तेज होगी बल्कि अधिक पारदर्शी होगी। सुशील द्विवेदी विशेष कर्तव्यस्त अधिकारी पुलिस मुख्यालय ने कहा उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि अपराध जांच को केवल गवाहों या पारंपरिक तरीकों पर निर्भर नहीं होना चाहिए, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनके नेतृत्व में प्रदेश की सभी प्रयोगशालाओं को आधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। शुभारंभ के अवसर पर पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट,नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष सुषमा गणपत बघेल,कलेक्टर गोपाल वर्मा,पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छवई,उप पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल,डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे,मनीराम साहू,विदेशी राम धुर्वे ,श्रीकांत उपाध्याय,समस्त पार्षद गण नगरपालिका कवर्धा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।



### सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण के लिए शिविर 8 सितंबर से

**दुर्ग,7 सितंबर ।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग द्वारा वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण नम्बर प्लेट 30 सितंबर 2025 तक भिलाई के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस्पात क्लब मरोदा म 8 एवं 9 सितंबर 2025 को, इस्पात क्लब सेक्टर 2 में 10, 11 एवं 12 सितंबर को, इस्पात क्लब सेक्टर 1 में 16, 17 एवं 18 सितंबर को, इस्पात क्लब सेक्टर 5 में 22, 23 एवं 24 सितंबर तथा इस्पात क्लब सेक्टर 6 भिलाई में 28, 29 एवं 30 सितंबर 2025 को शिविर आयोजित की जाएगी। उक्त शिविर में अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट हेतु ऑर्डर किया जा सकता है।

## एक नजर

### आरटीओ चालान के भुगतान के लिए विभागीय वेबसाइट का उपयोग करें

**राजनांदगांव 07 सितम्बर।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री आनंद शर्मा ने नागरिकों से धोखाखड़ी से बचने के लिए आरटीओ चालान भुगतान के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे है। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से नागरिकों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में छद्म तरीके से डराने वाले संदेश व मैसेज के माध्यम से लिंक भेजकर नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी और बैंक खाते में जमा राशि चुरा लेते है।

परिवहन विभाग द्वारा नागरिकों से ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी मैसेज लिंक पर क्लिक नहीं करने की अपील की गई है। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट पर जाकर ई-चालान के पेज पर गेट डिटेल पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर पे-ऑनलाईन पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### महिला केन्द्रित विषयों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा

**राजनांदगांव 07 सितम्बर।** भारत सरकार द्वारा संकल्प एचईडब्ल्यू अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 2 से 12 सितम्बर 2025 तक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन हो रहा है। अभियान के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव शहरी अंतर्गत आने वाले चिखली सेक्टर के शासकीय प्रादेशिक मुद्रालय आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं का पीसीपीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व लिंग निर्धारण) के बारे में बताया गया।

साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाईन 181, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098, सखी वन स्टाप सेंटर, घरेलू हिंसा, नोनी सुरक्षा योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बाल विवाह प्रतिषेध सहित अन्य विषयों के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला में सेक्टर सुपरवाइजर पार्वती साहू, जेंडर विशेषज्ञ नीलम साहू, वित्तिय साक्षरता पुकेश वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं लगभग 50 महिलाएं उपस्थित थी।

### बहादुर कलारिन सम्मान के लिए आवेदन 26 तक

**राजनांदगांव 07 सितम्बर।** राज्य शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीडन् के खिलाफ संघर्ष एवं नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिला को प्रोत्साहित करने प्रतिवर्ष बहादुर कलारिन सम्मान प्रदान किया जाता है। बहादुर कलारिन सम्मान हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदक 26 सितम्बर 2025 तक नामांकन व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 को

**राजनांदगांव 07 सितम्बर।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितम्बर को देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का समापन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें उल्लास रैली, शपथ, पोस्टर पाम्पलेट, दीवार लेखन, वाद-विवाद, गीत, नृत्य, चित्रकला, संगोष्ठी सहित अन्य कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को साक्षरता के महत्व को बताया जा रहा है।

### चीतल का शव मिला, हिंसक वन्य प्राणी ने मारा,अवैध शिकार का अंदेशा नहीं

**बलौदाबाजार, 7 सितम्बर।** बारनवापारा परिक्षेत्र अंतर्गत क़क्ष क्रमांक 108 में चीतल की मृत्यु किसी हिंसक प्राणी के शिकार से हुई है। घटना स्थल से मृत चीतल के सभी अंग बरामद किया गया है जिससे अवैध शिकार का अंदेशा नहीं है।

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि बारनवापारा परिक्षेत्र अंतर्गत क़क्ष क्रमांक 108 के रोड किनारे एक मृत चीतल को परिसर रक्षी धनेश्वर ध्रुव ने 25 अगस्त 2025 को गश्ती के दौरान देखा और इसकी सूचना तत्काल परिक्षेत्र कार्यालय को दी। मौक़े पर पहुंचकर मुआयाना किया गया जिसमें स्पष्ट हुआ कि चीतल की मृत्यु किसी हिंसक प्राणी के द्वारा शिकार कर खा लेने के कारण हुई है। मृत चीतल के पीछे का हिस्सा किसी हिंसक प्राणी द्वारा पहले ही खा लिया गया था।घटना स्थल पर उसी दिन ट्रेप कैमरा लगाकर निगरानी शुरू कर दी गई घटना स्थल पर मृत चीतल के सभी अंग प्राप्त हुआ है जिससे स्पष्ट होता है कि किसी प्रकार का अवैध शिकार या अंगों की चोरी जैसी घटना नहीं हुई। यह क्षेत्र अभयारण्य क्षेत्र होने के कारण मृत वन्य प्राणी के शव को उसी स्थान पर बिना छेड़छाड़ के निगरानी रखते हुए हेतु छोड़ा गया। विभाग द्वारा वैज्ञानिक एवं समयबद्ध तक़रीके से कार्यवाही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बारनावापारा अभयारण्य के समस्त क्षेत्रों में वन्य जीव सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन सतत गश्त एवं मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# दंतैल हाथी की रहस्यमय मौत

## रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में मिला शव, जांच में जुटी टीम



**बलरामपुर, 7 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में के दंतैल हाथी की मौत हो गई। मौत के कारण अज्ञात बताए जा रहे हैं। हाथी शनिवार की रातगम्हरिया सर्कल में मृत अवस्था में मिला।

जिसके बाद सूचना मिलने पर डीएफओ वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृत हाथी का पीएम कराया जाएगा। जिसके बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में बीते कई दिनों से हाथियों ने अपना डेरा जमाया है।

वहीं बीते दिनों कोरबा जिले में हाथियों के झुंड ने जमकर आतंक मचाया था। हाथियों के झुंड ने 100 से अधिक किसानों के कई एकड़ खेत के फसलों को बर्बाद कर दिया था। यह पूरी घटना कटघोरा वन मंडल की केदई वन परिक्षेत्र की थी। जानकारी के मुताबिक, 26 हाथियों के झुंड जंगल से गांव के करीब पहुंचा है। खेत मे फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद सड़क पार करते हुए नजर आए हैं। जिसका वीडियो भी सामने आया है।

**52 हाथी का दल मौजूद उसमें 26 अलग विचरण कर रहा**

बताया जा रहा है कि, कटघोरा वन मंडल में 52 हाथी का दल मौजूद है। जिसमें केदई वन क्षेत्र में 26 हाथी का दल अलग विचरण कर रहा है। केंदई रेंज के लाद, कोरबी, लालपुर, घुचापुर समेत अन्य गांवों की किसानों के सैकड़ो एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

# घर लौट रहे व्यापारी से 8 लाख की लूट

## घेराबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जांजगीर चांपा, 7 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले से एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है। नैला चौकी क्षेत्र के बालाजी लॉज के पास हड़कंप मच गया। जब दो नकाबपोश बदमाशों ने खाद और कीटनाशक दवा व्यापारी पर हमला कर लाखों रुपये लूट लिए। जानकारी के अनुसार, व्यापारी दूकान से गोदाम पहुंचने के बाद 8 लाख रुपये लेकर अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने अचानक व्यापारी की स्कूटी को जोरदार टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया।

इसके बाद बदमाशों ने व्यापारी पर कट्टा तानकर लाखों रुपये से भरा बैग छीन लिया और मौके पर फरार हो गए। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। नैला चौकी मौके पर पहुंची और पूरे इलाके में घेराबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। इस वारदात से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। वहीं रायपुर में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हत्या, लूट, चोरी जैसी वारदातें आम हो गई हैं। शहर में जिस तेजी से अपराध बढ़े हैं, उसे देखकर यह कहना भी गलत नहीं होगा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ अब नहीं है, क्योंकि शहर में अब दिनदहाड़े लूट की घटना भी होने लगी है। ऐसी ही एक घटना सोमवार शाम करीब 7 बजे कुकुरबेड़ा डुमरतालाब विप्र कालेज के पास घटी, जहां दोपहिया वाहन सवार दो नकाबपोशों ने कट्टा की नोक पर स्कूटी सवार युवक से रुपए लूट लिए और फरार हो गए।

# अवैध महुआ शराब बेचते दो गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 7 सितम्बर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 06.09.2025 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी एवं आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम खैरी में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 130 लीटर हांथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम- 1. मनीष कुमार सोनवानी उम्र 18 साल 08 माह निवासी ग्राम खैरी थाना पलारी, 2. नरेश कुमार धृतलहरे 40 साल निवासी ग्राम खैरी थाना पल्लवी।

# डॉक्टर रमन सिंह ने सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 7 सितंबर।** राजनांदगांव स्थित भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह माननीय उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी एवं छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के साथ सम्मिलित होकर सी.टी. स्कैन मशीन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर श्रद्धेय अटल जी की प्रतिमा की स्थापना एवं ट्रॉमा सेंटर निर्माण हेतु भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। राजनांदगांव डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज शुभारंभ 2017 किया था । उसके बाद 5 साल गवर्नमेंट कांग्रेस की रही लेकिन यहां के मेडिकल कॉलेज में कोई भी सुविधा नहीं दी थी । अब 2023 के बाद मेडिकल कॉलेज को संवारने की कोशिश कर रही है आज मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन मशीन का डॉक्टर रमन सिंह ने उद्घाटन किया ।

रमन सिंह ने कहा एक पत्रकार का जवाब देते हुए। आज राजनांदगांव के अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन किया गया राजनांदगांव के मेडिकल कॉलेज में 2 करोड़ 40 लाख का ट्रामा सेंटर और अटल बिहारी वाजपेई की एक मूर्ति लगती है जिसका भूमि पूजन किया गया है। रमन सिंह कहा कांग्रेस पिछले 5 साल सरकार में थी भाजपा के सभी मेडिकल कॉलेज में कांग्रेस ने थोड़ा भी विकास नहीं किया नहीं मशीन लगाई और आज मशीन में भ्रष्टाचार और कांग्रेस के जमाने के पैसे लगने की बात कांग्रेसी कर रहे है।

### एसआईपी इम्प्लीमेंटेशन के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला 8 को

**बलौदाबाजार,7 सितम्बर।** रजत जयंती के अवसर पर सीएसआईडीसीएल रायपुर द्वारा राज्य स्तर पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज,सिडबी एवं इनवॉइस मार्ट के सहयोग से अल्टरनेट फाइनेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को प्रातः 11 बजे से होटल रॉयल इन भाटापारा में किया जाएगा। कार्यशाला में एमएसएमई के लिए बाजार से फण्ड जुटाने,एस एम ई लिस्टिंग एवं ऑनबोर्ड प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। तीन वर्ष पुराने एकल, साझेदारी, एलएलपी,प्राइवेट लिमिटेड य पब्लिक लिमिटेड इकाई जिनकी वार्षिक टर्न ओवर 30 करोड़ से अधिक हो इस कार्यशाला में निःशुल्क भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक जितेंद्र कुमार धीरही मोबाइल नंबर 9098898088 पर संपर्क कर सकते हैं।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रायपुर जोन चैंपियन

## समापन समारोह में खेल स्पर्धा के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



**बलौदाबाजार, 7 सितम्बर।** 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को बलौदाबाजार स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल खेल मैदान में सम्पन्न हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में रग्बी एवं कुराश खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रायपुर जोन ओवर ऑल चैम्पियन बना। इस अवसर पर खेल स्पर्धा के विजताओं को परितोषिक वितरण किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत 15 शिक्षकों को शिक्षादूत एवं 3 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार प्रदान किया गया।उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 शिक्षकों एवं बेहतर व नावाचरी कार्य करने वाले 25 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों ने अपने जोन का नाम रोशन किया है। आगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रदेश का नाम राशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जसमे विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे उत्साह और लगन से भाग लेने की प्रेरणा दी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों को निष्ठा और खेल भावना से खेलों में भाग लेने कहा।

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में साइबर सुरक्षा के संबंध में दी गई जानकारी



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 7 सितंबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के तहत KHAKI TALKS कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत देश के प्रसिद्ध एवं प्रबुद्ध नागरिकों को पुलिस प्लेटफार्म के माध्यम से जोड़ा जाएगा तथा लाइव रहकर उनके द्वारा विभिन्न विषयों जैसे साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, बाल अपराध, महिला अपराध आदि विभिन्न अधिनियमों के संबंध में जानकारी दिया जाएगा।

इसी कड़ी में चतुर्थ एपिसोड के तहत आज दिनांक 06.09.2025 दिन शनिवार दोपहर 02.00 बजे 03.00 बजे तक बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव रहकर साइबर एक्सपर्ट सुश्री मोनाली गुहा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में साइबर सुरक्षा के संबंध में व्याख्यान दिया गया।

सुश्री मोनाली गुहा एक्सपर्ट लेक्चर है एवं उन्हें कई संस्थाओं को ट्रेनिंग का अनुभव है। इस दौरान Balodabazar police Facebook पेज को फॉलो एवं लाइक कर लोग साइबर जागरूकता संबंधी लाइव KHAKI TALKS कार्यक्रम के सहभागी बने।

# ईडी ने जब्त की राजू खान की संपत्ति



**रायपुर, 7 सितंबर।** आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन तथा सिमी नेटवर्क से जुड़े टेरर फंडिंग करने के आरोपी राजू खान की ईडी ने छह लाख 34 हजार रुपए की अचल संपत्ति जब्त की है। पाकिस्तान से हवाला के माध्यम से आई टेरर फंडिंग की रकम आतंकवादियों तक पहुंचाने राजू खान की महत्वपूर्ण भूमिका थी। राजू खान पर टेरर फंडिंग के 48.82 लाख रुपए ट्रांजेक्शन करने का आरोप है। उसके खिलाफ वर्ष 2013 में खमतराई थाने में एफआईआर दर्ज है। टेरर फंडिंग के आरोपी धीरज साव के पकड़े जाने के बाद राजू खान फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने वर्ष 2021 में पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। खमतराई थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने जाँच शुरू की थी। एफआईआर में धीरज साहू और अन्य पर गैरकानूनी गतिविधि के तहत मामला दर्ज हुआ था। आरोप था कि भारत में कुछ अज्ञात व्यक्तियों से पैसा पाकिस्तान के किसी खालिद नाम के व्यक्ति के निर्देश पर बैंक खातों में जमा होता था। फिर यह रकम सिमी तथा इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े जुबेर हुसैन, आयशा बानों और राजू खान तथा अन्य लोगों तक पहुंचाई जाती थी। टेरर फंडिंग मामले में इंडी ने अब तक कुल 9 लाख 15 हजार 836 रुपए की चल-अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। जांच एजेंसी के मुताधिक, यह रकम आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्राप्त अवैध आय है।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ शांतारामजी का अंतिम संस्कार



**रायपुर, 7 सितंबर।** राजकीय सम्मान के साथ हुआ शांताराम जी का अंतिम संस्कार हरिहर मड़कूदीप में नदी किनारे उनकी इच्छा के अनुसार उनकी कर्म भूमि में मंत्र उच्चारण के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 5 सितम्बर को रायपुर में उनका निधन के बाद पूरे छत्तीसगढ़ में शोक की लहर दौड़ गई थी। जागृति मंडल में दर्शन करने उनके समर्थक चाहने वाले सुबह से आ चुके थे। सिमगा से लेकर बैतूल पुर तक जगह जगह दर्शन करने लोगों की भीड़ देखी गई। नदी में नौका से उनके शव यात्रा को मड़कूदीप उनकी कुटिया में लेजाया गया दूर दराज से गांव गांव से हजारों लोगों ने नदी के दोनों पार में श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकतंत्र सेनानी संघ के वरिष्ठ शांता राम जी को राजकीय सम्मान के साथ सलामी दी ओर प्रदेश के अनेक मंत्री और उप मुख्य मंत्री अरुण साव बीजेपी संगठन मंत्री पवन सहाय मंत्री दयाल दास बघेल। टंक राम वर्मा गुर खुशवंत साहिब राजेश अग्रवाल धर्म लाल कौशिक पूर्व राज्य पाल रमेश बेस सहित जिलापंचायत नगर पालिका बिलासपुर रायपुर मुंगेली तिल्दा नेवरा बलौदा बाजार भाटापारा सहित छत्तीसगढ़ के कोने कोने से राष्ट्रीय स्वयं सेवक बीजेपी कार्यकर्ता सामाजिक धार्मिक बंधु उपस्थित हुए।

# छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में बसे लोगों से जुड़े थे शांताराम

## गरीबों के मसीहा के साथ-साथ बहुत अच्छे अभिभावक भी थे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 7 सितंबर।** श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू के पुरातात्विक और आध्यात्मिक वैभव को पुनः प्रतिष्ठित करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले समाजसेवी एवं संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री शांताराम जी का 94 वर्ष की आयु में रायपुर में निधन हो गया।

भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक के पद पर रहते हुए उन्होंने उच्च पद, सुविधाएँ और प्रतिष्ठा का त्याग कर हिंदू समाज को संगठित करने का संकल्प लिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। संघ में रहते हुए उन्होंने क्रमशः जिला, विभाग, प्रांत प्रचारक और क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया।

शांताराम जी का व्यक्तित्व सेवा, संगठन और समाजोत्थान की अदम्य भावना से ओत-प्रोत था। वर्ष 1990 से उन्होंने श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू को पुनः स्थापित और विकसित करने का मिशन अपनाया। उनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से यह क्षेत्र न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पुनर्जीवित हुआ, बल्कि शोधकर्ताओं और श्रद्धालुओं का प्रमुख आकर्षण भी बना।

मदकू के साथ ही उन्होंने बैतलपुर की कुष्ठ बस्ती चंदरपुर में शिव मंदिर निर्माण, चिकित्सा सेवाएँ और अन्य सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया। इसके अतिरिक्त नवागढ़ के श्री गणेश मंदिर के पुनर्निर्माण में प्रेरणा देना हो या मदकू एवं दरूवनकांपा क्षेत्र में सेवा कार्य और चिकित्सा सेवा को गति देना–उनके जीवन का प्रत्येक क्षण समाज के लिए समर्पित रहा। उनका जीवन समाज सेवा और संगठन शक्ति का जीवंत उदाहरण रहा। उनके मार्गदर्शन से अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रेरणा लेकर जनसेवा का मार्ग अपनाया। श्री शांताराम जी की अंतिम इच्छा के अनुसार तत्पश्चात मध्याह्न 12 बजे श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनका निधन न केवल श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप समूह के लिए बल्कि समूचे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी स्मृति और आदर्श भावी पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। शांताराम जी का व्यक्तित्व सेवा, संगठन और समाजोत्थान की अदम्य भावना से ओत-प्रोत था। वर्ष 1990 से उन्होंने श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू को पुनः स्थापित और विकसित करने का मिशन अपनाया। उनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से यह क्षेत्र न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पुनर्जीवित हुआ, बल्कि शोधकर्ताओं और श्रद्धालुओं का प्रमुख आकर्षण भी बना।

मदकू के साथ ही उन्होंने बैतलपुर की कुष्ठ बस्ती चंदरपुर में शिव मंदिर निर्माण, चिकित्सा सेवाएँ और अन्य सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया। इसके अतिरिक्त नवागढ़ के शमी गणेश मंदिर के पुनर्निर्माण में प्रेरणा देना हो या मदकू एवं दरूवनकांपा क्षेत्र में सेवा कार्य और चिकित्सा सेवा को गति देना– उनके जीवन का प्रत्येक क्षण समाज के लिए समर्पित रहा। उनका जीवन समाज सेवा और संगठन शक्ति का जीवंत उदाहरण रहा। उनके मार्गदर्शन से अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रेरणा लेकर जनसेवा का मार्ग अपनाया।

# विशेष अभियान के तहत किशोरी बालिकाओं को किया जागरूक

**राजनांदगांव 07 सितम्बर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय डोंगरगढ़ में 10 दिवसीय विशेष अभियान तथा बालिका सुरक्षा माह के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला मिशन समन्वयक जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र श्री किशोर माहेश्वरी द्वारा विद्यालय की किशोरी बालिकाओं को साईबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। सखी वन स्टॉप सेंटर से वीणा साहू एवं अश्वनी निर्मलकर ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को महिला सुरक्षा अंतर्गत विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं सखी निकेतन, सखी सदन, दहेज प्रथा, महिलाओं के अधिकार एवं पीड़िता को मिलने वाली मुफ्त विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। नितिन किशोरी वर्मा एवं तरूण चंद्रकाम ने बाल विवाह रोकथाम, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, बालिका संप्रेक्षण गृह, महिला संप्रेक्षण, बाल श्रम, गुड टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट, बच्चों के अधिकार और चाईल्ड हेल्प सहित महत्वपूर्ण सेवाओं के टोल फ्री नंबरों की जानकारी प्रदान की।

इस दौरान किशोरी बालिकाओं के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं बालिका सुरक्षा विषय पर निबंध लेखन स्पर्धा का भी आयोजित किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य राजेश कन्नौजे, कार्यक्रम प्रभारी आरती मिश्रा, अहिल्या उज्वने, के. भाटिया सहित लगभग 200 किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही।

# बस्तर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, लखेश्वर बघेल ने सरकार को लिखा पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 7 सितंबर। बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की है इस संबंध में उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर तत्काल पहल करने की मांग की है

विधायक श्री बघेल ने बताया कि 18 अगस्त 2025 से एनएचएम अधिकारी व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं उनकी प्रमुख मांगों में नियमितिकरण, वेतनमान वृद्धि, डी.ए., मेडिकल अवकाश एवं पेंशन जैसी सुविधाएँ शामिल हैं लंबे समय से चल रही हड़ताल के कारण बस्तर जिले सहित पूरे संभाग की स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह प्रभावित हो चुकी हैं



### स्वास्थ्य केंद्रों में ताले, मरीज भटकने को मजबूर

बघेल ने कहा कि हड़ताल के चलते जिले के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में ताले लटक गए हैं ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएँ लगभग ठप हो चुकी हैं मरीजों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोग भटक रहे हैं यह स्थिति बेहद गंभीर होती जा रही है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है

### एनएचएम कर्मियों की भूमिका अहम-

उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इनके कार्य बंद रहने से स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन ठप हो गया है यह न केवल मरीजों के लिए खतरनाक है बल्कि जिले के विकासखंडों में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को भी गहरी चोट पहुँचा रहा है

### सरकार से शीघ्र पहल की मांग-

विधायक श्री बघेल ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया है कि हड़तालरत कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी जायज मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान होने से स्वास्थ्य सेवाएँ पुनः सुचारू होंगी और आम जनता को शीघ्र राहत मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ सिन्धु महापंचायत के प्रमुख पदाधिकारी नियुक्त, मनीष प्रमुख सलाहकार

जगदलपुर, 7 सितम्बर। छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष अमर गिदवानी ने शनिवार शाम को समिति की बैठक आहूत की जिसमे निम्नांकित पदाधिकारियों का चयन कर घोषणा की गई अध्यक्ष अमर गिदवानी, चेयरमैन चेतन तारवानी, वाइस चेयरमैन अशोक मालानी, वासुदेव जोतवानी, विनोद तलरेजा, महेंद्र आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष किशोर आहूजा, राजेश वासवानी, इन्दर डोडवानी, गोविन्द वाधवानी, महामंत्री राधाकिशन सुन्दरानी, कोषाध्यक्ष रवि ग्वालानी, महिला विंग अध्यक्ष भावना कुकरेजा, युवा विंग अध्यक्ष महेश आहूजा नियुक्त किए गए. अध्यक्ष अमर गिदवानी ने महापंचायत के वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में संरक्षक मंडल का भी विधिवत गठन किया। जिसमें श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थोरानी, सुंदरदास जादवानी, जिवतराम तोलवानी मोहनलाल तेजवानी, लधाराम नैनवानी, शमनलाल खुबचन्दानी तिल्दा, खेमचन्द मध्यानी दुर्ग, राम गिड्डलानी तिल्दा, रुपचन्द भीमनानी राजनांदगांव, मुरलीधर माखीजा कोरबा, राजा देवनानी कांकेर सहित 12 सदस्यीय संरक्षक मंडल का गठन किया गया।

छत्तीसगढ़ सिन्धु महापंचायत के संरक्षक लक्ष्मीचंद गुलवानी, बसंत कुकरेजा बने एवं वाइस चेयरमैन बने चंदर विधानी, संजय रहेजा, लक्ष्मण जगवानी एवं शिव ग्वालानी को सलाहकार एवं साहित्य विचारक के रूप में नियुक्त किया गया । छत्तीसगढ़ सिन्धु महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने नियुक्ति की घोषणा की।छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत में बस्तर से सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी को प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया गया। मनीष ने छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत के समस्त पदाधिकारियों व वरिष्ठजनों का आभार माना।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब परिवारों का पक्का घर का सपना साकार

दंतेवाड़ा, 7 सितंबर । प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जिले के गरीब परिवारों के लिए आशियाने का बड़ा सहारा बन रही है। इस योजना के तहत अब तक जिले के सैकड़ों परिवारों को पक्के और सुरक्षित मकानों का लाभ मिल चुका है। कच्चे घरों से पक्के मकानों में शिफ्ट हुए परिवार अब सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं।गौरतलब है कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को तीन किस्तों में 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही 90 दिन का मनरेगा रोजगार भी उपलब्ध कराया जाता है, ताकि ग्रामीणों को न केवल आवास बल्कि रोजगार का भी सहारा मिल सके। ÷सबका साथ, सबका विकास÷ की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है।दंतेवाड़ा जैसे वनांचल क्षेत्र में भी यह योजना लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत और मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में आवास निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। बरसात और निर्माण सामग्री की कमी जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद प्रशासन ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस क्रम में जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत गामावाड़ा के नियद नेल्लानार क्षेत्र में मात्र 135 दिनों में एक आवास का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। आम तौर पर कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले दंतेवाड़ा जिले में निर्माण कार्यों में अपेक्षाकृत अधिक समय लगता है, लेकिन रिकॉर्ड समय में मकान का तैयार होना प्रशासन की दक्षता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योजना के तहत जिले में अब तक 2118 और केवल जनपद दंतेवाड़ा में 547 पक्के मकान बनकर तैयार हो चुके हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि आने वाले समय में और अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जाएगा, ताकि हर परिवार को पक्के घर का सपना साकार हो सके।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने के लिए सभी आईटीआई में पंजीयन शिविर 9 एवं 10 सितंबर को

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 7 सितम्बर । आगामी माह में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने के लिए पंजीयन शिविरो का आयोजन सभी शासकीय आईटीआई में 9 एवं 10 सितंबर को किया जा रहा है।प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गौरेला ने बताया राज्य स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने के लिए कि जिला अग्रणी (नोडल) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गौरेला के सीओई भवन में 9 एवं 10 सितंबर को प्रातः 9 बजे से पंजीयन शिविर का आयोजन किया जायेगा, जहां सत्र 2022, 2023, 2024 और 2025 में उत्तीर्ण दसवीं, बारहवीं, आईटीआई और डिप्लोमा धारक युवाओ का रोजगार कार्यालय की पर ऑनलाइन पंजीयन किया जायेगा। शिवर में जिले के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था-शासकीय आईटीआई गौरेला, शासकीय आईटीआई पेण्ड्रा, शासकीय आईटीआई मरवाही एवं निजी आईटीआई स्किल मंत्रा पेण्ड्रा एवं स्वयंप्रभा गौरेला में संचालित व्यवसाय के पूर्व उत्तीर्ण छात्रों का पंजीयन किया जायेगा। शिविर में अधिक से अधिक छात्र-युवा अपना पंजीयन कराकर रोजगार मेला का लाभ ले सकते हैं। छात्र संबंधित आईटीआई में भी अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### नक्शा प्रोजेक्ट अंतर्गत पांचवें दिन दिया आंकड़ों को अपलोड करने का प्रशिक्षण

अम्बिकापुर 7 सितम्बर। जिले में चल रहे नक्शा प्रोजेक्ट के तहत नगर पालिक निगम अंबिकापुर में पांचवें दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर एमपीएसईडीसी की टीम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रयोग से प्राप्त आंकड़ों को सॉफ्टवेयर में अपलोड करने की विधि की जानकारी दी गई। चार दिनों तक विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर उनकी क्षमता का परीक्षण किया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों ने कहा कि वे नगर पालिक निगम अंबिकापुर क्षेत्र के लिए नवीन नक्शा तैयार कर त्रुटिरहित अधिकार अभिलेख बनाकर शासन एवं जिला प्रशासन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि संबंधी समस्याओं व विसंगतियों के निराकरण हेतु वे पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ कार्य करेंगे।सर्वे ऑफ इंडिया की टीम द्वारा पीजी कॉलेज मैदान में प्रशिक्षणार्थियों को फील्ड प्रशिक्षण दिया और मौके पर आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान किया। प्रशिक्षण कक्ष में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी और पार्षदगण उपस्थित रहे। अमितेष स्वर्णकार जिला मास्टर ट्रेनर ने नक्शा प्रोजेक्ट की महत्ता सरगुजा के लिए अति उत्तम क्यों है,के संबंध में जानकारी दिये।इस अवसर पर स्टेट मास्टर दीपचंद भारती राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख शाखा धमतरी ने शासन की कार्ययोजना, प्रोजेक्ट का लक्ष्य, महत्व और लाभ विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने जीएनएसएस रोवर, इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन, ड्रोन आदि आधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली, परिशुद्धता और फील्ड उपयोग की विधियां समझाईं।

# नारायणपुर की बेटी सविता यादव को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान



नारायणपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रायपुर स्थित राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में नारायणपुर जिले का भी मान बढ़ा। पीएम श्री पोर्टा केविन आवासीय विद्यालय में पदस्थ प्रधानाध्यापिका सुश्री सविता यादव को वर्ष 2024 के लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संयुक्त रूप से यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल होते हैं और वे समाज को जिम्मेदार नागरिक देने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और शिक्षक राष्ट्र निर्माण की नींव हैं।सुश्री यादव को यह सम्मान विद्यालय और बच्चों के प्रति उनकी समर्पित भावना, नवाचार और रचनात्मक कार्यों के लिए दिया गया है। वे बच्चों को केवल पढ़ाना ही नहीं बल्कि अच्छा जीवन जीना, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करना भी सिखाती हैं। छोटे बच्चों को मातृभाषा और शैक्षणिक सहायक सामग्री (ञ्जरुरू) के माध्यम से रोचक गतिविधियों से जोड़कर पढ़ाना उनका विशेष योगदान रहा है।उनके प्रयासों से विद्यालय के बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा है और वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सुश्री यादव का मानना है कि शिक्षक का कर्तव्य केवल ज्ञान देना ही नहीं बल्कि जीवन मूल्यों का संचार करना भी है।समारोह में प्रदेशभर के 64 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें सूरजपुर, कबीरधाम, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और रायगढ़ के चार शिक्षकों को विशेष स्मृति पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में राज्यपाल की धर्मपत्नी रानी डेका काकोटी, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद उपस्थित थे।नारायणपुर जिले के लिए यह गर्व का क्षण है कि सुश्री सविता यादव जैसी शिक्षिका ने राज्य स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है और जिले का नाम रोशन किया है।

# एनएचएम कर्मियों का दस सूत्रीय मांगों को लेकर धरना जारी

रायपुर, 7 सितंबर । प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार कर्मी नियमितिकरण संविलियन सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर विगत 18 जुलाई से तूता धरनास्थल नया रायपुर में धरना दे रहे हैं। इस संबंध में प्रदेश के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं प्रदेश सरकार द्वारा जान बुझकर दस सूत्रीय मांगों को उपेक्षित किया जा रहा है। हाल ही में शासन द्वारा यह दावा किया गया कि कर्मियों की पांच मांगे पूर्ण कर दी गई है। जबकि वस्तुस्थिति ये है कि एक भी मांग शासन द्वारा पूरी नहीं की गई है। शासन की हठधर्मिता के चलते जहां प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई है। 16 हजार कर्मियों की एक साथ धरना दिये जाने के फलस्वरूप शहरों में भी जिला मुख्यालयों में स्थित जिला चिकित्सालयों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीज रोज इलाज के लिए केंद्रों में आकर भटक रहे हैं। डॉ. मिरी ने चर्चा के दौरान बताया कि दस सूत्रीय मांगों के तहत संविलियन जॉब सुरक्षा, पब्लिक हेल्थ केडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्यमूल्यांकन पद्धति में सुधार, लंबे समय से लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण अनुकंपा नियुक्ति मेडिकल या अन्य अवकाश की सुविधा स्थानांतरण नीति अचानक दुर्घटनाग्रस्त अथवा बीमारी से ग्रस्त होने पर दस लाख रुपये की बीमा योजना लागू करने की मांग की है। जिनमें से शासन द्वारा 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि की घोषणा 19 जुलाई 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के लगभग 37हजार कर्मियों के लिए की गई थी जिनमें 16 हजार एनएचएम कर्मी भी शामिल थे।

# पीजी कॉलेज में भूगोल परिषद का गठन एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



कांकेर। पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल के मार्गदर्शन में तथा भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एस.आर.दर्रो, मुख्य अतिथि प्रो. अशोक कुमार ज्योति, भूगोल परिषद प्रभारी डॉ. शिवेन्द्र कुमार धुर्वे, सह परिषद प्रभारी डॉ.योगिता साहू की उपस्थिति में स्नातकोत्तर स्तर पर भूगोल परिषद का गठन किया गया। एम.ए.भूगोल प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा सर्व सहमति से भारती मण्डावी अध्यक्ष, चंद्रप्रकाश कोरचे उपाध्यक्ष, हिमांशु देवांगन सचिव, आकांक्षा साहू सहसचिव व अन्य पदाधिकारियों का चयन एवं शपथ ग्रहण कराया गया।आयोजित कार्यक्रम में भूगोल विभागाध्यक्ष एस.आर.दर्रो द्वारा वार्षिक कार्य योजना 2025-26 का व्याख्यान दिया गया। मुख्य अतिथि प्रो. अशोक कुमार ज्योति विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र के द्वारा विद्यार्थियों के अध्यापन एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी संबधी तत्वों पर प्रकाश डाला गया। डॉ.योगिता साहू के द्वारा विषय के महत्व, शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। भूगोल परिषद प्रभारी डॉ. शिवेन्द्र कुमार धुर्वे द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने, शोधकार्यों में रूचि बढाने, विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी एवं शिक्षक दिवस पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए आभार प्रदर्शन भी व्यक्त किये। अतिथियों के उदबोधन के बाद विभाग में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राध्यापकों का स्नेह पूर्वक सप्रेम भेंट देकर सम्मानित किया गया।

### बच्चों से लेकर युवाओं तक ने ली सक्रिय भागीदारी

# नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में भक्ति और उल्लास से हुआ गणेश विसर्जन

नारायणपुर, छत्तीसगढ़ - नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले नारायणपुर जिले ने इस बार गणेश चतुर्थी पर एक नया संदेश दिया। दस दिनों तक विधि-विधान से विराजे भगवान गणेश की विदाई रविवार को जिले भर में धूमधाम से की गई। भक्ति गीतों की मधुर धुनों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज, और भक्तों की श्रद्धा से पूरा जिला भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

गणेश चतुर्थी के अवसर पर इस बार नारायणपुर के शहरी इलाकों से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक में गणपति बप्पा की स्थापना बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई थी। स्थानीय युवाओं, स्कूली बच्चों और समाजसेवियों की अगुवाई में सार्वजनिक पंडालों से लेकर घर-घर में गणेश जी का स्वागत हुआ। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व में पूजा, आरती, भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर समाज में एकजुटता और सद्भाव का संदेश दिया गया।



भगवान गणेश के विसर्जन के दौरान जिले में अलग ही नजारा देखने को मिला। हाथों में रंग-बिरंगे झंडे, डीजे और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते श्रद्धालु, बच्चों की टोलियां, पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियां - सभी ने विसर्जन यात्रा को उत्सव का रूप दे दिया। ÷गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के नारों से नारायणपुर की गलियां और सड़कों पर भक्ति और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित स्थानों पर पर्यावरणीय नियमों का पालन करते हुए किया गया। जिला प्रशासन, पुलिस बल, और नगर पंचायत द्वारा विसर्जन स्थलों पर समुचित प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। युवाओं ने भी जागरूकता का परिचय देते हुए स्वच्छता अभियान चलाया और विसर्जन के बाद आसपास के क्षेत्रों की सफाई की।इस बार गणेशोत्सव सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह जिले में शांति, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बन गया। जहां एक ओर यह पर्व आस्था का परिचायक रहा, वहीं दूसरी ओर इसने यह संदेश भी दिया कि उत्सवों के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और समरसता लाई जा सकती है, चाहे वो क्षेत्र किसी भी प्रकार की चुनौतियों से क्यों न जूझ रहा हो।गणपति बप्पा की विदाई के साथ नारायणपुर जिले ने यह सिद्ध कर दिया कि भक्ति, उत्सव और एकता की भावना से किसी भी परिस्थिति को बदला जा सकता है।

### राजनांदगांव की प्रसिद्ध झांकी निकाली,हजारों लोगों ने देखा

# राजनांदगांव दो चीज के लिए मशहूर है पहला हॉकी और दूसरा झांकी के लिए:कलेक्टर



राजनांदगांव,7 सितंबर। राजनांदगांव से तीन खिलाड़ी ओलंपिक खेल चुके हैं एक खिलाड़ी ध्यानचंद के साथ भी खेले है । वैसी राजनांदगांव को गणेश जी की झांकी के नाम से जाना जाता है राजनांदगांव की झांकी दूर-दूर तक जाती है इंदौर तक जाती है और इनाम भी जीती है.आज रात को राजनांदगांव में झांकी निकाली जो रात भर पूरे शहर में घूमती रही हजारों लोग झांकी को देखने आए थे.. झांकियां के साथ मंडल के लोग नाचते गाते दिखे

राजनांदगांव आईजी अभिषेक शांडिल ने कहा की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किया गया है। 900 पुलिसकर्मी और अधिकारियों की की ड्यूटी लगाई गई है और पहले ही कुछ अपराधियों को सुरक्षा की दृष्टि से अंदर कर दिया गया। राजनांदगांव कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने कहा राजनांदगांव की झांकी की परंपरा बहुत पुरानी है और लोग उत्साह से झांकी देखने आते हैं । राजनांदगांव की झांकी देश और प्रदेश में प्रसिद्ध हैहमने कडी सुरक्षा व्यवस्था की है साथ ही साथ मंडलों को कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार ही साउंड बॉक्स का उपयोग करें

### जिले के मिडिल स्कूल अटारी में युक्तियुक्तकरण से पढ़ाई हुई आसान

रायपुर, 7 सितंबर । रायपुर जिले के अटारी स्थित मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को शिक्षक युक्तियुक्तकरण से बड़ा फायदा हुआ है। विद्यालय में 140 विद्यार्थी हैं, लेकिन पहले यहां केवल दो शिक्षक कार्यरत थे। इस वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद विद्यालय में 2 नई नियुक्तियां की गईं, जिनमें एक गणित विषय के शिक्षक भी शामिल हैं। अब शिक्षकों की संख्या बढ़कर 4 हो गई है।

शिक्षकों की संख्या बढ़ने से विद्यार्थियों को नियमित कक्षाओं का लाभ मिल रहा है। पढ़ाई का स्तर बेहतर हुआ है और जिला प्रशासन की प्रोजेक्ट उत्कर्ष पहल के तहत लिए जा रहे मासिक परीक्षाओं में बच्चों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है।

# सैनिक स्कूल अंबिकापुर में शिक्षक दिवस श्रद्धा उत्साह और सौहार्द्र के साथ मनाया गया

अम्बिकापुर, 7 सितम्बर । सैनिक स्कूल अंबिकापुर में शिक्षक दिवस 2025 का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, यह दिन उन शिक्षकों को समर्पित रहा, जो राष्ट्र के भावी कर्णधारों को दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय प्रांगण में किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात दो कैडेटों द्द कैडेट सक्षम राणा और कैडेट प्रत्यूष दीक्षित ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला द्य विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने अपने वक्तव्य में सभी को शिक्षक दिवस की को बधाई दी । उन्होंने गुरु की महत्ता और गुरु-शिष्य संबंधों की सांस्कृतिक एवं नैतिक गहराई पर प्रकाश डाला द्य पूरे दिन विद्यालय परिसर में उत्सव का वातावरण बना रहा। छात्रों ने शिक्षकों के रूप में अध्यापन कार्य संभालते हुए उनकी भूमिका को आत्मसात किया। इसके साथ ही शिक्षकों के लिए विविध मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं,उन्होंने छात्र-शिक्षक संबंधों में एक नई ऊर्जा और आत्मीयता का संचार किया ।कार्यक्रम के मुख्य अवसर पर प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। उन्होंने शिक्षकों के अथक परिश्रम, अनुशासन प्रियता और ज्ञानवृत्ति के प्रति गहन कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि कैडेट्स की सफलता और उज्ज्वल भविष्य का श्रेय शिक्षकों की निस्वार्थ सेवाओं को जाता है, जो सदैव अपने शिष्यों के उज्जवल कल के लिए समर्पित रहते हैं।शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक व भौतिकी अध्यापक श्री राजपुरोहित मदनलाल को सरगुजा शिक्षक सम्मान समिति द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने, और छात्रों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव के लिए दिया गया। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि श्री राजपुरोहित मदनलाल की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है ।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म खारून पार से राज्य के दर्शक पहली बार करेंगे क्राइम थ्रिलर का अनुभव

### 12 सितंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

भिलाई,7 सितंबर । छत्तीसगढ़ी सिनेमा, जो आमतौर पर पारिवारिक कहानियों और प्रेम कहानियों के लिए जाना जाता है, अब एक नए मोड़ पर खड़ा है। युवा निर्देशक दिव्यांश सिंह की फिल्म खारून पार के साथ राज्य के दर्शक पहली बार एक क्राइम थ्रिलर का अनुभव करने जा रहे हैं।

चमक ग राया डिंगोरिया साल 2022 से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली राया, मॉडलिंग की दुनिया से निकलकर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं। ग्लैमर की दुनिया से आई राया ने बहुत ही कम समय में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है।राया की पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म दंतेला थी, जिसके बाद वे खारुन पार में भी नज़र आईं। फिलहाल उनकी तीसरी फिल्म, भेद, फ्लोर पर है। इन फिल्मों को लेकर और अपने सफर को लेकर, राया ने स्मार्ट सिनेमा पत्रिका के साथ एक खास बातचीत की, जो हमारे पाठकों के लिए प्रस्तुत है।

### मॉडलिंग से एक्टिंग तक का सफर

राया बताती हैं कि उनके माता-पिता काफी सख्त थे, इसलिए उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि वह एक्टिंग जैसे फील्ड में जा पाएंगी। उन्हें एक्टिंग का पहला ऑफर एक मॉडलिंग शो के दौरान मिला।

वह बताती हैं, एक एक्टर ने मुझे मॉडलिंग शो में देखा था। उन्हें मेरा चेहरा काफी पसंद आया और उन्होंने मुझे एक्टिंग में कोशिश करने के लिए कहा। उन्होंने मुझे कई कास्टिंग डायरेक्टर्स के नंबर दिए। इसी दौरान एक जान-पहचान के डायरेक्टर को भी उनका चेहरा पसंद आया और उन्होंने उन्हें एक ऐड के लिए चुन लिया। यही से उनका एक्टिंग का सफर शुरू हुआ।

चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने का सपना राया को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर काम करना पसंद है। वह कहती हैं, मुझे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना अच्छा लगता है। वह फिल्म बर्फी में प्रियंका चोपड़ा के किरदार जैसा कोई रोल करना चाहती हैं, जहाँ एक्टिंग की पूरी आज़माइश हो।

राया मूल रूप से मुंबई की हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ी सिनेमा में काम कर रही हैं। उन्हें शुरुआत में इस बात को लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री में थोड़ी अजीबप्रतिर्ता या मिली। राया बताती हैं कि बॉलीवुड के लोग अक्सर छत्तीसगढ़ी फिल्मों को भोजपुरी फिल्मों जैसा मानकर देखते थे।

### छत्तीसगढ़ी सिनेमा का भविष्य

राया इस धारणा को गलत बताती हैं। वह कहती हैं, छत्तीसगढ़ी फिल्में भोजपुरी फिल्मों से कहीं ज्यादा सकारात्मक हैं। हालांकि, वह यह भी मानती हैं कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा को अभी और बेहतर होने की ज़रूरत है।

वह कहती हैं, जैसे साउथ फिल्म इंडस्ट्री ने टेक्नोलॉजी और सोच के मामले में खुद को बहुत ऊँचा उठाया है, अगर छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री भी उसी स्तर की सोच और तकनीकों का इस्तेमाल करे, तो हमारी फिल्में भी अपनी एक अलग पहचान बना सकती हैं।राया को उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा आने वाले समय में और भी बेहतरीन कहानियों और तकनीकी सुधारों के साथ अपनी पहचान बनाएगा।

### एक्टर शील वर्मा का बॉलीवुड से छॉलीवुड तक का सफर

शील वर्मा, एक ऐसा नाम जो मुंबई की मायानगरी में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत हिंदी टीवी सीरियल्स से की, जहाँ वे अब तक 50 से ज्यादा धारावाहिकों में काम कर चुके हैं। इनमें ससुराल सिमर का, नागिन 6. और बड़े हवेली की छोटी ठकुराइन जैसे चर्चित शो शामिल हैं। इसके साथ ही, शील वर्मा ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा में भी अपनी खास जगह बनाई है। उन्होंने ले चलहूं तोला अपन दुवारी और मेरी मां कर्मा जैसी फिल्मों में काम किया है। उनकी आने वाली फिल्मों में खारुन पार, गैंग ऑफ रायपुर, और हिंदी फिल्म सिमरत रामायण शामिल हैं।

### खारुन पारः उम्मीदों से भरी एक अनोखी कहानी

स्मार्ट सिनेमा पत्रिका से खास बातचीत में शील वर्मा ने अपनी आगामी फिल्म खारुन पार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि फिल्म के डायरेक्टर दिव्यांत ने जब उन्हें कहानी सुनाई, तो यह तुरंत इसके लिए तैयार हो गए।

शील वर्मा कहते है, मुझे खारुन पार की कहानी बहुत पसंद आई क्योंकि यह आज के समय से जुड़ी हुई है। यह एक ऐसी फिल्म है जो हर उम्र के दर्शको के लिए बनी है। इसकी कहानी महादेव घाट और खारुन नदी के किनारे बसी सस्कृति को खूबसूरती से दिखाती है।उनका मानना है कि यह फिल्म दूसरी छत्तीसगढ़ी फिल्मों से बिल्कुल अलग है। मुझे पूरा यकीन है कि अगर यह फिल्म हिंदी में ओटीटी पर रिलीज होती है, तो यह धमाल मचा देगी।

### टीम वर्क और अनुभव

फिल्म के शूटिंग के अनुभव को साझा करते हुए शील वर्मा ने बताया कि पूरी टीम यंग और ऊर्जा से भरी हुई थी। डायरेक्टर, डीओपी और प्रोडक्शन टीम के बीच शानदार तालमेल था। हमने वर्कशॉप भीकी, जिससे काम करना बहुत आसान हो गया। इस फिल्म में सील वर्मा के साथ एक्ट्रेस एल्सा घोष मुख्य भूमिका में है।

# प्रदेश में अब तक 952.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर, 7 सितम्बर । छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 952.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1329.0 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 461.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 810.7 मि.मी., बलौदाबाजार में 702.0 मि.मी., गरियाबंद में 786.0 मि.मी., महासमुंद में 695.9 मि.मी. और धमतरी में 839.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 988.5 मि.मी., मुंगेली में 966.2 मि.मी., रायगढ़ में 1165.8 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 809.9 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1156.2 मि.मी., सक्ती में 1049.8 मि.मी., कोरबा में 1003.4 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 908.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 742.9 मि.मी., कबीरधाम में 672.0 मि.मी., राजनांदगांव में 830.8 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1170.9 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 690.0 मि.मी. और बालोद में 1013.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 679.8 मि.मी., सूरजपुर में 1006.0 मि.मी., जशपुर में 930.1 मि.मी., कोरिया में 1059.2 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 956.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 1317.4 मि.मी., कोंडागांव जिले में 868.9 मि.मी., कांकेर में 1078.9 मि.मी., नारायणपुर में 1143.6 मि.मी., दंतेवाड़ा में 1286.0 मि.मी., सुकमा में 1021.8 मि.मी. और बीजापुर में 1288.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

**एक नजर**

## वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप

## भारत को मेंस कंपाउंड इवेंट में मिला पहला गोल्ड



**ग्वांगजू, 7 सितंबर।** भारत ने साउथ कोरिया के ग्वांगजू शहर में चल रही वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की भारतीय टीम ने रविवार को पुरुषों की कंपाउंड कैटेगरी के फाइनल में फ्रांस की टीम को 235-233 से हराया। यह पहला मौका है, भारत ने इस टूर्नामेंट में पुरुष कंपाउंड टीम इवेंट का गोल्ड जीता है। यह टूर्नामेंट के इस सीजन में भारत का पहला गोल्ड भी है। मैच के शुरुआती तीन सेटों में दोनों टीमें 176-176 की बराबरी पर थीं, लेकिन चौथे सेट में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 अंक हासिल किए, जिसने फ्रांस पर दबाव बनाया। फ्रांस इस सेट में केवल 57 अंक ही बना सका और इस तरह भारत ने दो अंकों के अंतर से गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में तुर्की के खिलाफ शानदार वापसी की। पहले सेट में 7 अंक के खराब शॉट के बावजूद, टीम ने हार नहीं मानी और अगले तीन सेटों में केवल एक अंक गंवाया। अंतिम दो सेटों में परफेक्ट 120 अंक हासिल कर भारत ने तुर्की को 234-232 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

# यूएस ओपन : आर्यना सबालेंका ने जीता महिला सिंगल्स का खिताब

### फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी को दी एकतरफा मात

**न्यूयॉर्क, 7 सितंबर।** यूएस ओपन 2025 में महिला सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका का सामना अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से था। दोनों प्लेयर्स ने फाइनल तक के सफर में काफी शानदार प्रदर्शन किया था, जिससे खिताबी मुकाबले के रोमांचक होने की पूरी उम्मीद की जा रही थी। बेलारूस की 27 साल की खिलाड़ी और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने ऐसा कुछ भी नहीं होने दिया और उन्होंने फाइनल मैच को सिर्फ 2 सेटों के अंदर खत्म करने के साथ लगातार दूसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया। आर्यना सबालेंका और अमांडा अनिसिमोवा के बीच हुए फाइनल मुकाबले को लेकर बात की जाए तो आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले के पहले सेट को सबालेंका ने एकतरफा 6-3 से अपने नाम करने के साथ 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।



इसके बाद दूसरे सेट में सबालेंका और अनिसिमोवा की बीच काफी कड़ी टक्कर देखने को मिली जिसके बाद मुकाबला टाई ब्रेकर तक जा पहुंचा। सबालेंका ने इसके बाद 7-3 के अंतर से जीत हासिल की और फाइनल मुकाबले को 6-3, 7-6 (7/3) से जीतने के साथ खिताब अपने नाम किया। सबालेंका ने इसी के साथ अपने करियर चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब भी जीता।

**पिछली बार पेगुला को दी थी मात**

वर्ल्ड नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने पिछली बार यूएस ओपन के फाइनल मुकाबले में अमेरिका की ही खिलाड़ी जेसिका पेगुला को मात दी थी। सबालेंका इस साल तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल मैच में पहुंची थी, जिसमें से पिछले 2 बार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं उनका अनिसिमोवा के खिलाफ रिकॉर्ड भी बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन फाइनल मुकाबले में सबालेंका ने अपने दबदबे का पूरा एहसास करवाया। सबालेंका साल 2012-14 के बाद यूएस ओपन का लगातार 2 बार खिताब जीतने वाली सेरेना विलियम्स के बाद पहली महिला खिलाड़ी हैं।

## कमाई के मामले में बीसीसीआई ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

### पांच साल में कमाए 14,627 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली, 7 सितंबर ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भले ही फिलहाल टीम इंडिया के टाइटल स्पॉन्सर के बिना है, लेकिन इससे उसकी आर्थिक स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। बीसीसीआई के पास इतना बड़ा कैश रिजर्व है कि वह बिना किसी स्पॉन्सर के भी टीम को कई सालों तक आसानी से चला सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने पिछले पांच सालों में 14,627 करोड़ रुपये की कमाई की है। केवल 2023-24 में ही बोर्ड की आय 4,193 करोड़ रुपये रही। फिलहाल बीसीसीआई के पास 20,686 करोड़ रुपये का कैश बैलेंस मौजूद है।

यह जानकारी तब सामने आई जब बीसीसीआई ने राज्य संघों को उनकी बकाया राशि का भुगतान किया। रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में बीसीसीआई का जनरल फंड 3,906 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 7,988 करोड़ रुपये हो गया है। यानी पांच साल में इसमें लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हुई है।

बीसीसीआई दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है और भारत में क्रिकेट सिस्टम को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी निभा रहा है। हाल के वर्षों में बोर्ड ने कई नए यूथ टूर्नामेंट शुरू किए हैं, ताकि युवा प्रतिभाओं को मंच मिल सके और भारतीय क्रिकेट का भविष्य और मजबूत हो।

# यूएस ओपन:अल्कारेज और सिनर के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**न्यूयार्क, 7 सितंबर।** साल 2025 का आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में अब तक महिला सिंगल्स के अलावा डबल्स का खिताब जीतने वाले विजेताओं का फैसला हो चुका है, वहीं फैंस की नजरें अब पुरुष सिंगल्स के फाइनल मुकाबले पर लगी हुई हैं, जिसमें वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-1 और 2 के बीच भिड़ंत देखने को मिलेगी। इटली के 24 साल के खिलाड़ी यानिक सिनर का फाइनल मैच में सामना कार्लोस अल्कारेज से होगा और दोनों के बीच अब तक खेले गए मैचों में काफी रोमांच देखने को मिला है। दोनों प्लेयर्स के बीच यूएस ओपन 2025 मेंस सिंगल्स फाइनल



मुकाबला 7 सितंबर को खेला जाएगा। यूएस ओपन 2025 में पुरुष सिंगल्स का फाइनल मैच में 7 सितंबर को न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में कार्लोस अल्कारेज और यानिक सिनर के बीच में खेला जाएगा। दोनों प्लेयर्स के बीच इस मुकाबले की शुरुआत भारतीय समयानुसार रात 11:30 पर होगी, जिसमें भारतीय फैंस इस मैच का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क पर देख सकते हैं। वहीं इस मुकाबले की लाइव स्ट्रीमिंग हॉटस्टार ऐप पर होगी, जिसमें फैंस अपने स्मार्ट टीवी पर हॉटस्टार में लॉगिन कर इस मुकाबले को देख सकते हैं।

कार्लोस अल्कारेज और यानिक सिनर के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो उसमें दोनों प्लेयर्स के बीच अब तक कुल 14 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 9 मैचों को जहां अल्कारेज ने जीता है तो वहीं सिनर 5 मैचों को जीतने में कामयाब रहे हैं। इस साल दोनों के बीच हुए विंबलडन के फाइनल मुकाबले में भी भिड़ंत देखने को मिली थी, जिसे सिनर ने अपने नाम किया था।

## एशिया कप : नेट प्रैक्टिस में भारतीय बल्लेबाजों ने बहाया पसीना

**नई दिल्ली, 7 सितंबर।** **एशिया** कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से UAE में होने वाली है। उससे पहले भारतीय टीम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच, विकेटकीपर-बल्लेबाज के रोल के लिए संजू सैमसन और जितेश शर्मा के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई के ICC अकादमी में भारतीय टीम के दूसरे ट्रेनिंग सेशन में जितेश शर्मा को विकेटकीपिंग ड्रिल में ज्यादा समय बिताते देखा गया, जबकि संजू सैमसन ने कुछ समय थ्रो-डाउन प्रैक्टिस की और ज्यादातर समय आइसबॉक्स पर बैठे दिखे।

ट्रेनिंग सेशन में जितेश को कोच गौतम गंभीर से ज्यादा बातचीत करते देखा गया। माना जा



रहा है कि टीम मैनेजमेंट जितेश को पहले कुछ मैचों में विकेटकीपर के रूप में प्राथमिकता दे सकता है। वहीं, गिल, अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा और रिंकू सिंह ने काफी समय तक नेट में पसीना बहाया।

संजू सैमसन ने हाल ही में केरल क्रिकेट लीग में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने 42 गेंदों में शतक लगाया, और पूरे लीग में 368 रन बनाए। उनकी फॉर्म और टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी की स्ट्रेंथ उन्हें मजबूत दावेदार बनाती है। हालांकि, शुभमन गिल की वापसी और उप-कप्तानी ने सैमसन के ओपनिंग स्लॉट को खतरे में डाल दिया है। दूसरी ओर, जितेश शर्मा ने IPL 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए शानदार फिनिशिंग स्किल दिखाई, जिसमें 176.35 के स्ट्राइक रेट से 261 रन शामिल हैं। उनकी मिडिल-ऑर्डर में की क्षमता उन्हें इस रेस में आगे रखती है।

पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने जितेश को मिडिल-ऑर्डर में बेहतर ऑप्शन बताया है, जबकि सैमसन का टॉप-ऑर्डर में रिकॉर्ड शानदार है। दूसरी ओर, सुनील गावस्कर ने सुझाव दिया कि सैमसन को नंबर 3 या फिनिशर के रूप में आजमाया जा सकता है। बुमराह की टी-20 फॉर्मेट में वापसी हो रही है। उन्होंने आखिरी बार 2024 टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में ब्रिजटाउन में खेला था, जहां उनके 2/18 के शानदार प्रदर्शन ने भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफसात रन से जीत दिलाई थी। बुमराह को उस टूर्नामेंट में 15 विकेट के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।



# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 694.23 बिलियन डॉलर

**मुंबई, 07 सितंबर ।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 बिलियन डॉलर बढ़कर 694.23 बिलियन डॉलर हो गया है। विदेशी मुद्रा भंडार के एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां का मूल्य सप्ताह के दौरान 1.69 बिलियन डॉलर बढ़कर 583.94 बिलियन डॉलर हो गया है। विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव डॉलर के रूप में शामिल होता है।

सप्ताह के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार के अहम घटकों में से एक गोल्ड रिजर्व 1.77 बिलियन डॉलर बढ़कर 86.77 बिलियन डॉलर हो गया। भू-राजनीतिक तनावों से



उत्पन्न अनिश्चितता के बीच, दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सुरक्षित निवेश के रूप में गोल्ड के रिजर्व को तेजी से बढ़ा रहे हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने के शेयर को 2021 से लगभग दोगुना कर लिया है। समीक्षा अवधि के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में विशेष आहरण अधिकार का मूल्य 40 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.78 बिलियन डॉलर हो गया। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपए को तेजी से गिरने से रोकने और उसकी अस्थिरता को कम करने के लिए ज्यादा डॉलर जारी करके हाजिर और अग्रिम मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाता है।भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने से ज्यादा के माल आयात और लगभग 96 प्रतिशत बकाया विदेशी ऋण के लिए पर्याप्त है।

बीते महीने जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल जुलाई में भारत का व्यापारिक निर्यात 7.29 प्रतिशत बढ़कर 37.24 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 34.71 बिलियन डॉलर था। यह बाह्य क्षेत्र की मजबूती को दर्शाता है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, अनिश्चित वैश्विक नीतिगत माहौल के बावजूद, जुलाई और वित्त वर्ष 2026 में भारत के सेवा और व्यापारिक निर्यात में अब तक मजबूत वृद्धि हुई है और यह वैश्विक निर्यात वृद्धि से कहीं अधिक है।

## किस सामान पर कितनी होगी बचत, नेक्स्ट-जेन जीएसटी के फायदे करें चेक : माईगव

### जीएसटी की नई दरें 22 से

**नई दिल्ली, 7 सितंबर।** जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने जा रही हैं। हालांकि, हर किसी के जेहन में एक सवाल बना ही हुआ है कि नेक्स्ट-जेन जीएसटी से आखिर किस सामान पर कितनी बचत होगी। नागरिकों के इसी सवाल का जवाब सरकार से जुड़ने और सुशासन में योगदान देने वाले नागरिक-केंद्रित मंच 'माईगव' की ओर से दिया गया है। माईगव ने शनिवार को नेक्स्ट-जेन जीएसटी से हर सामान पर होने वाली बचत को लेकर जानकारी दी। माईगव की ओर से जीएसटी के साथ बचत को लेकर जानकारी देने वाली वेबसाइट के बारे में बताया गया है। माईगव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, नेक्स्ट-जेन जीएसटी आ गया है! लेकिन सोच रहे हैं कि आप कितनी बचत कर सकते हैं? प्लेटफॉर्म की ओर से आगे लिखा गया है कि ग्राहक अपने सामान को कार्ट में ऐड करने के




साथ कीमतों में अंतर को खुद ही जांच सकते हैं। इसके लिए ग्राहकों को 'सेविंग्सविदजीएसटीडॉटइन' पर क्लिक कर अपनी पसंद और जरूरत के सामान को कार्ट में डालना होगा। इसके बाद कार्ट पर 'बेस प्राइस', 'सेलिंग प्राइस अंडर वैट' और 'सेलिंग प्राइस अंडर नेक्स्ट-जेन जीएसटी' कैटेगरी के तहत सामान के तीन अलग-अलग रेट देखे जा सकेंगे। जीएसटी सुधार के तहत, जिन वस्तुओं के जीएसटी रेट को शून्य कर दिया गया है, उन्हें ग्राहक बेस प्राइस पर ही खरीद सकेंगे। इसके अलावा, माईगव की ओर से नागरिकों को एक क्यूआर की सुविधा भी दी गई है, जिसे स्कैन कर 'सेविंग्सविदजीएसटी' वेबसाइट को एक्सेस किया जा सकेगा। वेबसाइट पर ग्राहकों को किसी भी सामान को स्पेसिफिक कैटेगरी के साथ चुनने का विकल्प मिलता है। कैटेगरी के तहत, फूड, स्नैक, हाउसहोल्ड, हाउसहोल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, किचन और लाइफस्टाइल आइटम्स के विकल्प दिए गए हैं। उदाहरण के लिए अगर फूड आइटम से दूध को चुन कर, कार्ट में ऐड किया जाता है तो 60 रुपए प्रति लीटर दूध की कीमत वैट के साथ 63.6 रुपए और नेक्स्ट-जेन जीएसटी के तहत 60 रुपए ही नजर आएगी।

## वेदांता ने जेपी ग्रुप के लिए लगाई 17,000 करोड़ रुपये की सफल बोली

**नई दिल्ली, 7 सितंबर।** माइनिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी वेदांता ने कर्ज में फंसी जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण के लिए 17,000 करोड़ रुपये की सफल बोली लगाकर अडाणी ग्रुप को पीछे छोड़ दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि वेदांता की बोली की राशि 17,000 करोड़ रुपये है लेकिन मौजूदा समय की कीमत और भविष्य में मिलने वाले पैसों को ध्यान में रखने पर इसका शुद्ध वर्तमान मूल्य 12,505 करोड़ रुपये बैठता है। जेपी एसोसिएट्स का कारोबार रियल एस्टेट, सीमेंट, ऊर्जा, होटल और सड़क परियोजनाओं में रहा है। लेकिन भारी कर्ज के बोझ से दबने और कर्ज चुकाने में नाकाम रहने की वजह से कंपनी को दिवाला प्रक्रिया का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की इलाहाबाद पीठ ने 3 जून, 2024 को जेपी एसोसिएट्स को कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में भेज दिया था। सूत्रों ने बताया कि जेएएल के ऋणदाताओं की समिति ने कंपनी की बिक्री के लिए दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के तहत चुनौती प्रक्रिया अपनाई। कर्जदाताओं की समिति की 5 सितंबर को हुई बैठक में चुनौती प्रक्रिया पूरी हुई। इसमें वेदांता ने दूसरे दावेदार अडाणी एंटरप्राइजेज को पीछे छोड़ते हुए बाजी मार ली। सूत्रों ने बताया कि वेदांता ने 17,000 करोड़ रुपये की सफल बोली लगाई। इसके साथ बोली का शुद्ध वर्तमान मूल्य 12,505 करोड़ रुपये हो गया।

## भारत के सर्विस सेक्टर की ग्रोथ अगस्त में 15 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंची, पीएमआई 62.9 रहा

**नई दिल्ली, 7 सितंबर ।** भारत के सर्विसेज सेक्टर की ग्रोथ अगस्त में 15 वर्ष के उच्चतम स्तर पर रही है। इससे सर्विस प्रोवाइडर्स को बीते एक दशक की सबसे तेज कीमतों में बढ़ोतरी का मौका मिला है। यह जानकारी बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अगस्त में 62.9 रहा है, जो कि जुलाई में 60.5 था। जब भी पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह बढ़ोतरी को दिखाता है।एचएसबीसी के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी के अनुसार, नए ऑर्डरों में वृद्धि के कारण, भारत का सर्विसेज



पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स पिछले महीने पंद्रह वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त में मांग का एक प्रमुख संकेतक नया व्यवसाय जून 2010 के बाद से सबसे तेज दर से बढ़ा। अंतरराष्ट्रीय मांग में मजबूती आई है और निर्यात ऑर्डरों में 14 महीनों में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। मजबूत विदेशी मांग ने सर्विस प्रोवाइडर्स को ग्राहकों के लिए कीमतों में और अधिक आक्रामक वृद्धि करने में सक्षम बनाया। उत्पादन मूल्य मुद्रास्फीति जुलाई 2012 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और इनपुट लागत नौ महीनों में सबसे तेज दर से बढ़ी। रिपोर्ट में बताया गया कि अगस्त में आगामी वर्ष के लिए व्यावसायिक विश्वास तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो अनुकूल विज्ञापन खर्च और सकारात्मक मांग पूर्वानुमानों से प्रेरित था। सेवाओं और विनिर्माण को मिलाकर संयुक्त पीएमआई, अगस्त में बढ़कर 63.2 हो गया, जो जुलाई में 61.1 था। यह 17 वर्षों का उच्चतम स्तर है और भारत की अर्थव्यवस्था के दोनों क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गति को दर्शाता है।

वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सेवाओं और विनिर्माण में मजबूत वृद्धि और अनुकूल मानसून की स्थिति के कारण यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

## कोर्ट ने अडाणी एंटरप्राइजेज के खिलाफकथित अपमानजनक सामग्री हटाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, 7 सितंबर।** अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली की एक अदालत ने कुछ पत्रकारों और अन्य लोगों पर कंपनी के खिलाफ असत्यापित अपमानजनक सामग्री प्रकाशित करने से रोक लगा दी है। अदालत ने शनिवार को एक अंतरिम आदेश में पत्रकारों और विदेश से जुड़े गैर-सरकारी संगठनों को लेखों और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रकाशित की गई कंपनी के खिलाफ कथित अपमानजनक सामग्री हटाने का भी निर्देश दिया है। सीनियर सिविल जज अनुज कुमार सिंह वादी के एक मुकदमे की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें आरोप लगाया गया था कि paranjoy.in, adani-watch.org और adani-files.com.au पर प्रकाशित पोस्ट और वीडियो का मकसद व्यावसायिक समूह की प्रतिष्ठा को धूमिल करना और उसके वैश्विक संचालन को बाधित करना था। इस मामले में प्रतिवादी परंजॉय गुहा ठाकुरता, रवि नायर, अबीर दासगुप्ता, अयास्कंत दास, आयुष जोशी, बॉब ब्राउन फाउंडेशन, ड्रीमस्केप नेटवर्क इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, गेटअप लिमिटेड, डोमेन डायरेक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड और जॉन डो हैं। अदालत ने कहा, ''प्रथम दृष्टया मामला वादी के पक्ष में है। यहां तक कि सुविधा का संतुलन भी वादी के पक्ष में है, क्योंकि लगातार ऐसे प्रकाशन, री-ट्वीट और ट्रोलिंग से जनता में उसकी छवि खराब हो सकती है।'' इसके बाद, अदालत ने प्रतिवादियों पर अगली सुनवाई तक वादी के बारे में असत्यापित, निराधार और प्रत्यक्ष रूप से मानहानिकारक रिपोर्ट प्रकाशित, वितरित या प्रसारित करने से रोक लगा दी है।

एक नजर

## वरिष्ठ पत्रकार आशीष सिंह ठाकुर का निधन



**रायपुर, 7 सितंबर।** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं साहित्यकार ठाकुर आशीष सिंह ने 6-7 सितंबर की रात अंतिम सांसें ली। महान सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के पौत्र एवं इतिहासकार, साहित्यकार स्व. हरि ठाकुर के पुत्र आशीष सिंह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे रायपुर स्थित निवास स्थान सिन्हा भवन, पांचजन्य स्कूल के पास कुशालपुर से महादेवघाट के लिए निकाली गई। वे अभिमन्यु सिंह, उपमन्यु सिंह के पिता थे।

## राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर, 7 सितम्बर।** क्षत्रिय राठौर समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में वर्ष 2025 की 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 14 सितम्बर 2025 को बिलासपुर के स्व. लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में सम्मानित किया जाएगा। राठौर समाज के होनहार बच्चे यदि इस राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो अभी भी अवसर है आवेदन कर सकते है या संपर्क कर सकते हैं। प्रतिभा सम्मान आयोजन समिति एवं क्षत्रिय राठौर समाज छत्तीसगढ से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह क्षत्रिय राठौर समाज के 10वीं 12वीं कक्षा के प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहन देकर उनका मनोबल बढ़ाना है और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना है।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, ताकि वे और भी लगन व उत्साह से शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में श्रेष्ठ उपलब्धियाँ हासिल कर सकें। राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए क्षत्रिय राठौर समाज के जो बच्चे आवेदन करने में छुट गए हैं वे आयोजक मंडल को अपनी पूरी जानकारी के साथ अंकसूची सहित दुर्गेश राठौर 7000627284, चुलेश्वर राठौर 9827113598, विवेक राठौर 9098408975 और प्रशांत सिंह से मोबाइल नंबर 9424263904 पर संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं।





रायपुर। राजधानी में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ जगह-जगह प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाते देखे जा रहे हैं।

# एनएचएम कर्मियों का मांगों को लेकर धरना जारी

## मांगे पूर्ण नहीं होने पर जिला मुख्यालयों में कर्मी करेंगे जल सत्याग्रह

**रायपुर, 07 सितंबर।** प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार कर्मी नियमितिकरण संविलियन सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर विगत 18 जुलाई से तूता धरनास्थल नया रायपुर में धरना दे रहे हैं। इस संबंध में प्रदेश के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं प्रदेश सरकार द्वारा जान बुझकर दस सूत्रीय मांगों को उपेक्षित किया जा रहा है। हाल ही में शासन द्वारा यह दावा किया गया कि कर्मियों की पांच मांगे पूर्ण कर दी गई है। जबकि वस्तुस्थिति ये है कि एक भी मांग शासन द्वारा पूरी नहीं की गई है। शासन की हठधर्मिता के चलते जहां प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई है। 16 हजार कर्मियों की एक साथ धरना दिये जाने के फल्स्वरूप शहरों में भी जिला मुख्यालयों में स्थित जिला चिकित्सालयों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीज रोज इलाज के लिए केंद्रों में आकर भटक रहे हैं। डॉ. मिरी ने चर्चा के दौरान बताया कि दस सूत्रीय मांगों के तहत



संविलियन जॉब सुरक्षा, पब्लिक हेल्थ केडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्यमूल्यांकन पद्धति में सुधार, लंबे समय से लंबित 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण अनुकंपा नियुक्ति मेडिकल या अन्य अवकाश की सुविधा स्थानांतरण नीति अचानक दुर्घटनाग्रस्त अथवा बीमारी से ग्रस्त होने पर दस लाख रुपये की बीमा योजना लागू करने की मांग की है। जिनमें से शासन द्वारा 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि की घोषणा 19 जुलाई 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के लगभग 37हजार कर्मियों के लिए की गई थी जिनमें 16 हजार एनएचएम कर्मी भी शामिल थे। वह वृद्धि भी आज तक प्राप्त नहीं हुई है। डॉ. अमित ने बताया कि उक्त मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो जिला मुख्यालयों में प्रदेश के 16 हजार एनएचएम कर्मी जल सत्याग्रह करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा राज्य की विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं सहित एनएचएम कर्मियों के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मुख्यालय दिल्ली द्वारा 17 करोड़ रुपये की राशि गत वर्ष प्रेषित की गई थी। जो स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की लापरवाही के चलते लेप्स हो गई है।

## हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस में आईटीबीपी जवानों की रिवॉल्वर और कारतूस चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 07 सितम्बर ।** रायपुर में हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस के जनरल कोच में इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों के हथियार चोरी होने के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। जीआरपी की टीम ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से दो सर्विस रिवॉल्वर, तीन मैगजीन और 24 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए रायपुर जीआरपी एसपी श्वेता सिन्हा ने बताया कि आईटीबीपी के एएसआई वायपी ओझा, हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह और कांस्टेबल बुद्ध देव मलिक हटिया से दुर्ग की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन जब रात करीब 3 बजे चांपा स्टेशन पर पहुंची, उस समय जवान सो रहे थे। सुबह करीब 5:50 बजे जब ट्रेन भाटापारा पहुंची तो उनकी नींद खुली और उन्होंने देखा कि उनका बैग गायब है, जिसमें हथियार और अन्य सामान रखा हुआ था। एएसआई ओझा ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित किया, जिसके बाद जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल ने मिलकर जांच शुरू की। चांपा से लेकर भाटापारा तक के रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। बिलासपुर स्टेशन के पास लगे कैमरों में कुछ संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं, जिससे जांच को दिशा मिली। जांच के दौरान बिलासपुर स्टेशन के पास झाड़ियों से शिकायतकर्ता के दस्तावेज और कपड़े बरामद हुए। चोर की चालाकी यहीं खत्म नहीं हुई उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए सामान को दो अलग-अलग स्थानों पर फेंका था। पहले सामान जीआरपी दफ्तर के पीछे मिला, फिर कुछ चीजें कोच रेस्टोरेंट के पास पाई गईं। इससे अफसरों को भ्रम हुआ कि चोर किस दिशा में भागा है, क्योंकि वहां से तीन रास्ते निकलते थे।

हालांकि, जीआरपी की टीम ने सूझबूझ और लगातार प्रयास से आरोपी रंजीत मरकाम को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान उसके पास से दो पिस्टल, तीन मैगजीन और सभी जिंदा कारतूस बरामद कर लिए गए हैं।

रफ्तार का कहर

# झांकी देखने निकला परिवार हादसे का शिकार, मामा-भांजे की मौके पर मौत

**खैरागढ़/कोरबा, 7 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात खैरागढ़ में झांकी देखने निकले परिवार को तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया, जिसमें मामा-भांजे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और दो मासूम बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं कोरबा के पाली-चैतुरगढ़ मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की जान चली गई।

अमित पांडेय, खैरागढ़। जानकारी के मुताबिक खैरागढ़ के ग्राम बल्देवपुर निवासी रिलेश साहू (32) अपने भांजे मोहित साहू (13), पत्नी करिश्मा साहू और दो नन्हीं बेटियों (डेढ़ और तीन साल) को लेकर बाइक से राजनांदगांव झांकी देखने जा रहे थे। ठेलकाडीह से पहले आशीर्वाद ढाबा के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी



बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रिलेश और मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी करिश्मा और दोनों बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी। यह दुर्घटना एक बार फिर लापरवाह ड्राइविंग और यातायात नियमों की अनदेखी की वजह से हुई। पुलिस के मुताबिक, एक ही बाइक पर पांच लोगों का सवार होना भी हादसे का बड़ा कारण है।

**बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत, युवक की मौत**

दूसरी घटना कोरबा जिले से सामने आई है, जहां आज सुबह पाली-चैतुरगढ़ मुख्य मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों में से एक अन्नू सिंह पिता सहदेव, निवासी बनबांधा की मौके पर ही मौत हो गई। पाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मर्चुरी भिजवाया। दोनों ही घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना, साथ ही यातायात नियमों की अनदेखी, लोगों की जान ले रहा है। पुलिस लगातार नियमों के पालन की अपील करती रही है, लेकिन बेपरवाही का नतीजा अक्सर जानें गंवाकर चुकाना पड़ रहा है।

## अनाज व्यापारी से 1.05 करोड़ की धोखाधड़ी

**रायपुर, 07 सितम्बर ।** रायपुर से एक और बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां चौबे कॉलोनी निवासी अनाज व्यापारी शशिकांत तिवारी से करोड़ों रुपये की ठगी की गई। जमीन दलालों ने महासमुंद ज़िले के 70 एकड़ जमीन का फर्जी सौदा कर व्यापारी से 1 करोड़ 5 लाख रुपये हड़प लिए। शिकायतकर्ता शशिकांत तिवारी (उम्र 55) ने बताया कि उन्होंने अपने साझेदार सुधीर कुमार मग्गू के साथ मिलकर पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बरभाठा की जमीन खरीदने के लिए रायपुर के दलाल हिमांशु मसद और प्रेम रूपरेला के जरिए सौदा किया था।

बाद में उनकी मुलाकात ताजदार खान और संजीत जांगड़े से कराई गई, जिन्होंने खुद को जमीन मालिकों का प्रतिनिधि बताया। सौदे के लिए किसानों के नाम पर इकरारनामा दिखाया गया और 1.05 करोड़ रुपये नकद व ऑनलाइन माध्यम से लिए गए। 5 जून 2024 को सिविल कोर्ट रायपुर में नोटरी भी कराई गई, लेकिन जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई।

# शराब के लिए पैसे न देने पर नाबालिग ने किया मां-बेटे पर चाकू से हमला

**रायपुर, 07 सितम्बर ।** राजधानी के खमतराई थाना क्षेत्र के रावाभाटा वार्ड नंबर 11 में बीती रात एक नाबालिग ने मां-बेटे पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोपी ने पीड़ित मां-बेटे से शराब पीने के लिए पैसे मांगे और नही देने पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

बताा दें कि राजधानी रायपुर में चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। चाकूबाजी की घटनाओं से न सिर्फ आम लोगों डर का



वातावरण बन गया बल्कि पुलिस-प्रशासन की चिंता भी बढ़ गई है। ऐसे की एक मामले में खमतराई थाना क्षेत्र के रावाभाटा वार्ड नंबर 11 में रहने वाले द्रोपति यादव तथा उसके पुत्र महेश यादव अपने घर के बाहर बैठे हुए थे उसी दौरान एक नाबालिग लड़का वहां पहुंचा और उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। महेश ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इस बात से गुस्साए आरोपी ने जेब से चाकू निकाला और महेश पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। बताया जा रहा है कि आरोपी ने महेश को सीने, पेट, हाथ और मुंह पर कई वार किए। बेटे को बचाने दौड़ी मां द्रोपती यादव पर भी आरोपी ने हमला कर दिया और उन्हें भी चाकू मारकर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जुटे और घायल मां-बेटे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों को उपचार जारी है। बातयास जाता है कि घायल युवक महेश को गंभीर चोट पहुंची है। वहीं मां दोपती यादव को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलने पर खमतराई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बयान दर्ज किए। इस बीच आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो चुका है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### दुर्ग में हत्या से सनसनी

**दुर्ग, 07 सितम्बर।** दुर्ग शहर में एक दिल दहला देने वाली हत्या की वारदात सामने आई है। यह घटना कलेक्टर ऑफिस के ठीक पीछे स्थित मुंबई वेज चाऊमीन सेंटर की है, जहां मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और एक व्यक्ति की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, बैजनाथ पारा वार्ड नंबर 39 निवासी शंभू सागर की उसके ही जान-पहचान के आरोपी भूपेंद्र सागर से कहासुनी हो गई। मृतक शंभू ने भूपेंद्र को गाली देने से रोका, जिससे गुस्साए भूपेंद्र ने सिलेंडर की टंकी उठाकर शंभू के सिर पर वार कर दिया। हमला इतना जबरदस्त था कि शंभू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर आरोपी भूपेंद्र सागर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नशे का आदी बताया जा रहा है और उसकी हरकतों से मोहल्ले वाले पहले से परेशान थे।

## रायपुर एम्स से फरार कैदी गिरफ्तार

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 सितंबर।** हत्या के मामले में सेंट्रल जेल रायपुर में बंद विचाराधीन कैदी करण पोर्ते शनिवार को पुलिस को चकमा देकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर से फरार हो गया था। फरारी की खबर मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाया और अंततः उसे एक ट्रेन से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कैदी के फरार होने के बाद रायपुर पुलिस, दुर्ग पुलिस, जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) ने मिलकर त्वरित कार्रवाई शुरू की। रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखी गई और सक्रियता के चलते आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।



इस अभियान में आईजी आरपीएफ मुन्नवर खुर्शीद, एसएसपी रायपुर लाल उमेद सिंह, एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल, एसपी जीआरपी श्वेता सिन्हा और रायपुर पुलिस के उपनिरीक्षक मुकेश सोरी सहित कई अधिकारी और जवान शामिल रहे। फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किस तरह से अस्पताल से फरार हुआ और इसमें किसकी लापरवाही रही।

पितृपक्ष 8 सितंबर से

# वंशजों को आशीर्वाद देने धरती पर आएंगे पितर

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 07 सितंबर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्विन कृष्ण मास की प्रतिपदा तिथि से 15 दिनों के लिए पितृपक्ष 8 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है।

हिंदू मान्यताओं के लिए पितृ पक्ष में परिवार के पूर्वज मातृ पितृ गण अपने वंशजों को आशीर्वाद देने के लिए धरती पर आते हैं। श्राद्ध श्रद्धापूर्वक करने से न केवल वंशजों को आशीर्वाद मिलता है अपितु उनको अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है। पितृ पक्ष का तर्पण नदी



तालाबों में विधिविधान के साथ कुश, तिल, जवा, उड़द दाल, चावल, फूल आदि के साथ संपन्न किया जाता है। पितरों की तिथि श्राद्ध में परिवारजनों को खीर पुड़ी, दही बड़ा, आदि गाय, कुत्ता एवं कौवों का हिस्सा खिलाकर परिजनों को भोजन प्रदाय किया जाता है। मात्र नवमीं के अवसर पर समस्त माताएं आशीर्वाद देने के लिए नवमीं तिथि पर उपस्थित होती है। इस बार सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या 21 सितंबर को होगी। इस दिन पूर्वजों में ऐसे पूर्वज जो ज्ञात अज्ञात स्थिति में मृत्यु को प्राप्त हुए है उन्हें भी पूर्वज पितृ माताओं के साथ श्रद्धापूर्वक विधिविधान से पूजन कर भोजन कराया जाता है। पितरों का आर्शीवाद परिजनों के लिए सुख की वृद्धि का सूचक है। पंडित विनित शर्मा के अनुसार हिंदू धर्म में पितृपक्ष का अत्यधिक महत्व है। पितृपक्ष के बारे में महाभारत रामायण वेद उपनिषेदों में विस्तार से वर्णन किया गया है।

फर्जी शादी कार्ड से साइबर ठगी

## बीमा सलाहकार के खाते से उड़ाए 4.80 लाख रुपये

**रायपुर, 07 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक चौंकाने वाला साइबर फ्रॉड सामने आया है। राजेंद्र नगर क्षेत्र निवासी 57 वर्षीय बीमा सलाहकार देवेंद्र सिंह रिसम को फर्जी शादी के ई-निमंत्रण के जरिए ठगों ने 4.80 लाख रुपये का चूना लगा दिया। घटना 19 अगस्त की है, जब देवेंद्र सिंह को व्हाट्सएप पर एक शादी का ई-कार्ड मिला। आम निमंत्रण समझकर जैसे ही उन्होंने कार्ड खोलने की कोशिश की, उनका मोबाइल अचानक हैंग हो गया और स्क्रीन बार-बार ब्लिंक करने लगी। कुछ ही देर में उनके बैंक खाते से लगातार पैसे कटने लगे। घबराए देवेंद्र ने तत्काल मोबाइल बंद कर उसे रीस्टार्ट किया और सीधे बैंक पहुंचे। उन्होंने ट्रांजेक्शन डिटेल



निकलवाकर खाता तुरंत ब्लॉक कराया और साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर 1920 पर कॉल कर सूचना दी। इसके बाद राजेंद्र नगर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और साइबर एक्सपट्र्स की मदद से ठगों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। यह घटना एक बार फिर चेतावनी देती है कि किसी भी अनजान लिंक या ई-कार्ड को खोलने से पहले सतर्क रहें, वरना हो सकती है भारी आर्थिक हानि।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26